R.N.I. Rg. No. : 35394/77 E-mail : dvp.jhs@gmail.com / vishwapariwar@rediffmail.com Web. : www.dainikvishwapariwar.com

# दैनिक विश्व परिवार

झांसी (उ.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित

• अंक : 74 • वर्ष : 48 • झाँसी : शुक्रवार 5 जनवरी, 2024 • पृष्ठ : 08 • मूल्य : 4 रूपए • संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**

हम जीवन में कुछ कर सकें या न कर सकें किन्तु अपने भावों को अवश्य सम्भालें।

आर्यिका श्री 105 पूर्णमति माता जी



# केपटाउन टेस्ट में भारत की ऐतिहासिक जीत

**केपटाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने सेंचुरियन में पहला टेस्ट पारी और 32 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। भारत ने दूसरे मैच में वापसी की और सीरीज को 1-1 से ड्रॉ कराया। हालांकि, टीम इंडिया अब तक दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है।

भारत ने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में जीत हासिल कर इतिहास रच दिया। भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में सात विकेट से मेजबान टीम को हराया। दक्षिण अफ्रीका ने सेंचुरियन में पहला टेस्ट पारी और 32 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। भारत ने दूसरे मैच में वापसी की और सीरीज को 1-1 से ड्रॉ कराया। टीम इंडिया अब तक दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है।



केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर भारत पहली बार कोई टेस्ट मैच जीता है। 31 सालों का इंतजार आखिरकार समाप्त हुआ। यह केपटाउन में सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि किसी भी एशियाई टीम की पहली जीत है। पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश अब तक यहां नहीं जीत पाया।

दक्षिण अफ्रीका में भारत की यह पांचवीं टेस्ट जीत है। उसे पहली बार 2006 में जीत मिली थी। तब टीम इंडिया ने जोहान्सबर्ग में मेजबानों को 123 रन से हराया था। केपटाउन

## दक्षिण अफ्रीका में ऐसा करने वाली पहली एशियाई टीम बनी

दक्षिण अफ्रीका का ऐसा चौथा मैदान है जहां भारत को जीत मिली है। इससे पहले जोहानिसबर्ग, डरबन और सेंचुरियन में सफलता हासिल हुई है।

इस मैच में दोनों पारियों को मिलाकर दक्षिण अफ्रीका ने कुल 231 रन ही बनाए। भारत के खिलाफ किसी एक टेस्ट मैच की दो पारियों में उसके द्वारा बनाए गए सबसे कम रन हैं। इस मामले में वह पांचवें स्थान पर है। इंग्लैंड की टीम 2021 में दो पारियों में सिर्फ 193 रन ही बना सकी थी। 2018 में अफगानिस्तान की टीम बेंगलुरु में 212 रन, 2021 में न्यूजीलैंड की टीम मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 229 और 1986 में इंग्लैंड की टीम लीड्स में 230 रन ही दोनों पारियों में बना सकी थी।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। उनका निर्णय गलत साबित हुआ। पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका की टीम 55 रन पर ही सिमट गई थी। उसके बाद भारत 153 रन पर ऑलआउट हो गया था। दोनों टीमों की पहली पारी मैच के पहले दिन ही समाप्त हो गई थी। मुकाबले के दूसरे दिन मेजबानों ने दूसरी पारी में 173 रन बनाए। इस तरह भारत को 79 रन का लक्ष्य मिला। उसने तीन विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया।

# यूपी बोर्ड : 8264 केंद्रों पर होगी दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा, जारी की गई अंतिम सूची

*प्रयागराज (एजेंसी)। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने बृहस्पतिवार परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी। इस बार पूरे प्रदेश में 8264 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। में दसवीं और बारहवीं के छात्र परीक्षा देंगे।*

*यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के लिए केंद्रों की अंतिम सूची जारी हो गई। परीक्षा के लिए इस बार 8264 केंद्र प्रदेश में बनाए गए हैं। जिसमें 55,08,206 दसवीं और बारहवीं के पंजीकृत विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे।*

*माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से 2024 बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारियां तेजी से चल रही है, लेकिन परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी करने में निर्धारित समय से अधिक समय लग गया। यूपी बोर्ड ने बृहस्पतिवार को बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी। बोर्ड की तरफ से कहा गया है कि इसके बाद कोई भी नया केंद्र नहीं बनाया जाएगा। जनपदीय समिति से केंद्र निर्धारित हो जाने के बाद जारी केंद्रों की सूची में सबसे अधिक परीक्षा केंद्र प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिलों में बनाए गए हैं।*

*प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत शामिल जिलों में कुल 2408 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां दशवीं और बारहवीं के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत मेरठ में 1528, बरेली 893, वाराणसी 2084 और गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिलों में कुल 1351 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इस बाद की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 55,08,206 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें दसवीं में परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 29,47,324 है।*

*इसमें बालकों की संख्या 1571,687 और बालिकाओं की संख्या 13,75,637 है। इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 25,77,964 है। इसमें बालकों की संख्या 14,28,731 और बालिकाओं की संख्या 11,49,233 है। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि परीक्षा के लिए अन्य तैयारियां भी तेजी से पूरी करायी जा रही है। परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी होने के बाद अब किसी भी प्रकार का कोई नया परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा।*

*यूपी बोर्ड 2024 की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 25 जनवरी 2024 से एक फरवरी 2024 तक आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, फैजाबाद, आजमगढ़, देवीपाटन और बस्ती मंडल में होंगी। दूसरे चरण की प्रयोगात्मक परीक्षा 2 फरवरी से 9 फरवरी के बील अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी और गोरखपुर मंडल में आयोजित होगी।*

# जैन मंदिर निर्माण को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लात-घूसे

◆ **पुलिस की मौजूदगी में पथराव, कंट्रोल करने के लिए बुलानी पड़ी दो थानों की पुलिस**



**सरधना (एजेंसी)।** कस्बे के पांडुशिला रोड पर गुरुवार को जैन समाज के लोग भारी संख्या में जेसीबी व पानी निकालने के लिए पंप मशीन लेकर पहुंचे। जहां पाल समाज के लोगों ने विरोध किया। बताया कि यह तालाब की जमीन है। इसके बाद दोनों पक्ष आपसे में आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए भिड़ गए।

वहीं, सूचना पर पुलिस पहुंच गई और थोड़ी देर बाद पुलिस की मौजूदगी में पथराव दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। जिसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। साथ ही जेसीबी का भी शीशा टूट गया।

उधर, सूचना पर एसडीएम, सीओ सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया और कड़ी मशक्कत कर स्थिति को कैसे-तैसे नियंत्रण में किया। लेकिन, जैन समाज और पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की घंटों नोकझोंक हुई। वहीं, एसडीएम ने स्पष्ट किया कि यह सरकारी जमीन नपा की है। जिस पर तालाब है। उधर, घंटों बाद मामले को भांपते हुए सरूरपुर व रोहटा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

पांडुशिला रोड पर करोड़ों रुपये की जमीन है। जहां पर पालिका के अधिकारियों के अनुसार तालाब है। गुरुवार को जैन समाज के लोग मंदिर का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए जेसीबी व जमीन से पानी निकालने के लिए पंपिंग मशीन लेकर पहुंचे।

पंकज जैन ने आरोप लगाते हुए बताया कि पाल समाज के लोग उन्हे किसी बहाने से अपने घर पर ले गए और मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया। इस पर उनके ड्राइवर ने उन्हे कैसे-तैसे बचाया और वह जान बचाकर बाहर आ गए। हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पाल समाज के कुछ लोगों ने नीचे और छत से पथराव कर दिया। जिसमें पंकज जैन, राजीव जैन, हिमांशु जैन, अभिषेक जैन सहित अन्य लोग मामूली घायल हो गए। पाल समाज के लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि जैन समाज के लोग तालाब की जमीन पर कब्जा कर मंदिर का निर्माण करना चाहते हैं। जब जेसीबी के आगे खड़े होकर विरोध जताया।

साथ ही कहा कि फांवड़े से ही नींव की खोदाई का कार्य शुरू करें। क्योंकि, उनके घर की दीवार में दरारे आ जाएगी। इस पर जैन समाज के लोगों ने पथराव कर दिया। जिसमें सतेंद्री पति राजेश, सतोष पति जयपाल व उसका बेटा परवेश, मांगे, शर्मा पति टिटूपाल, लता पति जयकुमार घायल हो गए। इसके बाद सूचना पर इंस्पेक्टर प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद संजय कुमार जायसवाल, एसडीएम पंकज प्रकाश राठौर भी पहुंच गए और दोनों पक्षों के लोगों को कैसे-तैसे शांत किया। इसके बाद पुलिस ने पाल समाज के कई लोगों को हिरासत में ले लिया।

जैन समाज के पंकज जैन सहित अन्य लोगों ने पुलिस-प्रशासन को चेतावनी दी। यदि आरोपितों की गिरफ्तार कर कार्रवाई नहीं हुई तो वह बाजार बंद अशोक की लाट के पास धरने पर बैठ जाएंगे। इस पर पुलिस ने जैन समाज के लोगों को समझाबुझाकर शांत कर दिया।

जैन समाज और पाल समाज में पिछले तीन वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। पूर्व में भी दोनों पक्षों में पथराव हुआ था। इस पर तत्कालीन एसडीएम अमित कुमार भारतीय ने निर्माण कार्य पर रोक लगवा दी थी। लेकिन, गुरुवार को दोनों पक्षों में हुए संघर्ष के बाद भी पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में कार्य चलता रहा।

# मोदी के नेतृत्व में भारत बदला, मजबूत होकर उभरा

◆ **चीन ने भी देश की कूटनीति व मजबूत होती अर्थव्यवस्था का माना लोहा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्या नये वर्ष में भारत के साथ अपने रिश्तों को लेकर चीन ज्यादा गंभीर और व्यवहारिक रवैया अपनाने जा रहा है? यह सवाल इसलिए उठा है कि चीन सरकार का मुखपत्र माने जाने वाले समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स के ताजे अंक में पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति, समाजिक विकास और वैश्विक ताकतों के साथ सामंजस्य बिठाने की कूटनीति की जम कर प्रशंसा की गई है।

ग्लोबल टाइम्स आम तौर पर भारत की हर नीति और प्रगति पर विपरीत टिप्पणी करने के लिए जाना जाता है लेकिन साल के शुरू में ही फुतान विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टजीज के निदेशक चांग च्यातूंग की तरफ से लिखे इस आलेख का कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। इसे चीन की आर्थिक विकास में भारी




गिरावट से जोड़ कर भी देखा जा रहा है। यह आलेख मुख्य तौर पर पीएम मोदी के कार्यकाल में सरकार की तरफ से हर मोर्चे पर आत्मविश्वास दिखाने को रेखांकित किया गया है। पिछले चार वर्षों से भारत की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। भारत का आर्थिक विकास जोरदार रहा है और शहरी प्रशासन में आये सुधार को स्वीकार किया गया है। वैसे भारत व चीन के सीमा पर जारी विवाद का इसमें कोई जिक्र नहीं है लेकिन कारोबारी रिश्तों में आए बदलाव और भारतीय व्यापारियों के बढ़ते आत्मविश्वास का जिक्र जरूर किया गया है। इसमें कहा गया है कि, पहले जब चीन और भारत के बीच के व्यापार असंतुलन की चर्चा होती थी, तब भारतीय प्रतिनिधि व्यापार असंतुलन खत्म करने के लिए चीन की तरफ से किये जाने वाले उपायों पर जोर डालते थे लेकिन अब वो भारत से निर्यात बढ़ाने पर ज्यादा जोर देने लगे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर की तरफ से भारत विमर्श की अवधारणा देने और भाजपा की तरफ से भारतीय परंपरा वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था की बात करने का मुद्दा भी सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ लेखक ने उठाया है। इन अवधारणाओं के पीछे भारत के बढ़ते रणनीतिक विश्वास को कारक माना गया है। लेखक का कहना है कि अपने तेज आर्थिक और सामाजिक विकास के दम पर भारत रणनीतिक रूप से विश्वास से भरा है तथा भारत विमर्श को स्थापित करने के लिए ज्यादा सक्रिय है। लेखक की टिप्पणी है कि राजनीतिक और सांस्कृतिक पैमाने पर, भारत जहां पहले पश्चिम के साथ लोकतांत्रिक सहमति बनाने पर जोर देता था, अब वहीं वह लोकतांत्रिक राजनीति में भारतीय विशेषता पर जोर देता है। मौजूदा समय में, लोकतांत्रिक राजनीति की भारतीय जड़ों पर पहले से ज्यादा जोर दिया जा रहा है।

# भक्तों के जयकारों के बीच पद विहार करती हुई पधारी गुरु माँ स्वस्ति भूषण माताजी

**झांसी (विश्व परिवार)।** परम पूज्य आर्यिका गणिनी जहाजपुर मंदिर प्रणेता 105 स्वस्ति भूषण माताजी श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु जिनालय लक्ष्मीबाई पार्क के सामने विराजमान है। कल 5 जनवरी को प्रातः काल 8 बजे परम पूज्य आर्यिका संघ के मंगल सानिध्य में श्री चंद्रप्रभुजी जिनालय में ही अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न होगी ।

प्रातः काल 8.30 बजे श्री चंद्रप्रभु जिनालय में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों के लिए विशेष प्रवचन होंगे। आर्यिका संघ की आहार चर्या जिनालय में ही संपन्न होगी।

दोपहर 1.30 बजे परम पूज्य आर्यिका गणिनी 105 स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ राजकीय संग्रहालय (किला मार्ग) में जैन वीथिका का अवलोकन करेगी। उसके पश्चात पूज्यनीय माताजी भक्तों के विशाल समूह के साथ ऐतिहासिक झांसी किला जायेंगी, जहां पर भक्तों को विशिष्ट मार्गदर्शन दिया जायेगा।



उल्लेखनीय है कि आज माताजी ससंघ स्वामी पुरम से पद विहार करते हुए प्रातः काल में श्री चंद्र प्रभु जिनालय सिविल लाइन में पधारी भक्तों ने ढ़ोल नगाड़ों के साथ उनके भव्य अगवानी की। माताजी विगत वर्ष विगत वर्ष 1993 में अपने गुरु सिंह रथ प्रवर्तक आचार्य जी श्री श्री सन्मति सागर जी महाराज के संघ के साथ विहार करते हुए झांसी पधारी थी। इसके बाद देश भर के विभिन्न राज्यों में विहार करते हुए माताजी ने राजस्थान के जहाजपुर में भगवान मुनिसुब्रत नाथ की भव्य प्रतिमा प्रकट होने पर स्वस्ति धाम तीर्थ निर्माण की प्रेरणा दी। यह तीर्थ आज संपूर्ण भारत वर्ष और विश्व के मानचित्र पर भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए 404 करोड़ दिए

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए पीएमश्री योजना के अंतर्गत 404 करोड़ रुपये आवंटित किए। इस दौरान उन्होंने पिछली सरकारों में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की हालत पर टिप्पणी की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार कि जिस समय पूरी दुनिया कोरोना से ग्रस्त थी उस समय देश की 140 करोड़ की आबादी को बचाने के साथ ही नई शिक्षा नीति की आधार शिला रखी और नए विजन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पीएमश्री स्कूल योजना इसी दिशा में एक कदम है। कई बार योजना की घोषणा के बाद काम में समय लगता है लेकिन यहां शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पूरी टीम के साथ आए हैं। प्रदेश के पांच करोड़ बच्चों के लिए नई योजना शुरू होगी। इस योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 928 विद्यालय चयनित किए गए हैं। इसके तहत 1 से 12वीं क्लास तक अपग्रेड करेंगे।



मुख्यमंत्री योगी बृहस्पतिवार को लखनऊ के लोकभवन में 404 करोड़ रुपये की धनराशि से पीएम श्री स्कूलों के आधुनिकीकरण का शुभारंभ एवं प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण हेतु 347 करोड़ रुपये की धनराशि का अंतरण तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत समूह ख के नवचयनित अधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह हमेशा ही सवाल रहा है कि गरीब का बच्चा जहां पढ़ता है वहां सुविधा, शिक्षक और कनेक्टिविटी नहीं है। पहले विद्यालय बंद होने के कगार पर थे। हर कोई चाहता है कि उसका बच्चा पढ़ लिख ले। आज यूपी में बेसिक के 96 प्रतिशत विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प में अपग्रेड किया गया है। क्लास, शौचालय, लैब और स्मार्ट क्लास बनवाई गई है। इनमें सभी वर्ग छात्र, अधिकारी और नेता सभी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने ड्रॉपआउट रोकने के लिए भी प्रयास किया। स्कूल चलो अभियान शुरू किया। इससे हर शिक्षक, अधिकारी और जन प्रतिनिधि जुड़े। हमने लोगों को आधार से जोड़ने का काम किया। स्कूलों में 40 लाख बच्चे बढ़े हैं।

# यूपी में बदल गया स्कूल खुलने का समय, 5 घंटे ही चलेंगी कक्षाएं





**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में स्कूलों के खुलने के समय को लेकर बदलाव किया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने इस संबंध में प्रदेश के सभी स्कूलों को निर्देश जारी किया है। निदेशक के अनुसार, प्रदेश के सभी स्कूलों के खुलने के समय को बदलकर सुबह 10 बजे का कर दिया गया है।

शिक्षा निदेशक के निर्देशानुसार, प्रदेश में अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर के कारण स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। अब तक स्कूलों के खुलने का समय सुबह 8 बजकर 50 मिनट पर था, जिसे बदलकर सुबह 10 बजे कर दिया गया है।

पांडुशिला रोड पर करोड़ों रुपये की जमीन है। जहां पर पालिका के अधिकारियों के अनुसार तालाब है। गुरुवार को जैन समाज के लोग मंदिर का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए जेसीबी व पंपिंग मशीन लेकर पहुंचे। पंकज जैन ने आरोप लगाते हुए बताया कि पाल समाज के लोग उन्हे किसी बहाने से अपने घर पर ले गए और मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया।

# कोई नई चीज नहीं हो रही है केजरीवाल पर ईडी की कार्रवाई पर बोले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार राजनीतिक एजेंडे के तहत विपक्षी दलों के खिलाफ ईडी का इस्तेमाल कर रही है। अब ये कोई नई बात नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं होने पर हो रही राजनीति पर अखिलेश यादव ने कहा कि अब पूरा देश जानता है कि ईडी का गलत इस्तेमाल कर विपक्षी दलों के नेताओं को फंसाने का काम किया जा रहा है।




## दैनिक विश्व परिवार का अच्छाई खोजो अभियान

# व्यापार में विश्वसनीयता व भाईयों के प्रेम की मिशाल है सर्राफ भवानी प्रसाद सुरेन्द्र कुमार फर्म

***झांसी।** एक ही फर्म का लगातार 100 वर्ष तक चलना एक आम बात हो सकती है, लेकिन भाईयों के बीच चलने वाली इस फर्म में पिता के निधन के बाद तीन भाईयों का 52 वर्षों से एक ही गद्दी पर रोज बैठकर एकता के साथ व्यापार करना एक सीख है, एक मिशाल है।*

*जी हाँ, झांसी के सुभाषगंज में सन् 1923 में स्थापित दुर्गा प्रसाद भवानी प्रसाद फर्म और बाद में भवानी प्रसाद सुरेन्द्र कुमार फर्म से शक्कर, किराना, ड्राई फ्रूट्स आदि का व्यापार होता है। इस फर्म के संचालक तीन भाई- सुरेन्द्र सर्राफ, जिनेन्द्र सर्राफ, प्रदीप सर्राफ बचपन से बड़े हुए तो एक-एक कर तीनों ने ही पिता की गद्दी को संभाला और नेक नियति के साथ पारदर्शी हिसाब रखकर अपने परिवार का संचालन व विकास किया है।*



**100 वर्ष पुरानी एक ही गद्दी पर 52 वर्ष से बैठते हैं तीन भाई**

*आज के आपाधापी और अविश्वास के दौर में दो भाईयों को दो वर्ष भी एक साथ एक गद्दी से व्यापार करना अविश्वास की भेंट चढ़ जाता है। तो कभी स्वभाव में तालमेल न होने से रास्ते बदल जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में सुरेन्द्र सर्राफ, जिनेन्द्र सर्राफ, प्रदीप सर्राफ, तीनों भाईयों की एकता एक मिशाल है।*


*दैनिक विश्व परिवार के अच्छाई खोजो अभियान में आज सम्पादक श्री प्रवीण कुमार जैन को एक नई बात यह भी पता चली कि यह सर्राफ परिवार झांसी में सैकड़ों वर्षों से निवास कर रहा है।*

*श्री सुरेन्द्र सर्राफ ने बताया कि उनके पिता श्री भवानी प्रसाद जी (लोटन सर्राफ) थे एवं दादा जी का नाम श्री नंदकिशोर सर्राफ था तथा नंदकिशोर सर्राफ जी के दादा जी झांसी के राजघराने में खजांची पद पर पदस्थ थे। पूरे परिवार को पूर्वजों की एक ही सीख रही कि अपने काम को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करो।*

*उसका परिणाम हुआ कि मेरे पिता जी श्री भवानी प्रसाद व्यापार करते हुए ग्राहक को यह भी स्पष्ट कर देते थे कि भाई यह सौदा इतने रूपए में खरीदा है, यह खर्च आया है और यह हमारी आमदनी है।*

*तीन भाई थे श्री भगवानदास, श्री दुर्गा प्रसाद एवं श्री भवानी प्रसाद। तब की जैन पंचायत में श्री भवानी प्रसाद जी खजांची हुआ करते थे और श्री दि. जैन पंचायती बड़ा मंदिर में जीर्णोद्धार आदि का कार्य होता तो वह अपने सामने बैठकर चूना पिसवाया करते थे। यहां तक कि मंदिर में अपव्यय न हो तो वह स्वयं कारीगर के साथ काम करते और मंदिर के पैसों की बचत करते थे।*

*बड़ा मंदिर गांधी रोड में उनके परिवार के द्वारा भगवान बाहुबली स्वामी की वेदी, फर्श आदि का निर्माण कराया गया। पहले दुर्गा प्रसाद, भवानी प्रसाद और 15 मई सन् 1972 से भवानी प्रसाद सुरेन्द्र कुमार के नाम से संचालित यह फर्म100 वर्षों से व्यापार में विश्वसनीयता के साथ भाईयों की एकता की मिशाल बनी हुई है।*



## दिगम्बराचार्य विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित
## हाइकु

**देखा ध्यान में, कोलाहल मन का, नींद ले रहा।**

भावार्थ- जब साधक ध्यान में डूब जाता है तो उसके मन का कोलाहल अर्थात् सभी प्रकार के संकल्प विकल्प शान्त हो जाते है। अस्थिर व अशांत मन से कभी ध्यान नहीं हो सकता। आचार्य उमास्वामी महाराज ने कहा है- "एकाग्र चिन्ता निरोधा ध्यानं"।

## सम्पादकीय

# शेयर बाजार का पूंजीकरण भी पहुंचा विश्व में पांचवें स्थान पर

प्रथम स्थान पर अमेरिकी शेयर बाजार है, जिसका पूंजीकरण 47.78 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में अमेरिकी शेयर बाजार का योगदान, शेयर के पूंजीकरण के मामले में, 44.74 प्रतिशत है और अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद का अमेरिकी शेयर बाजार का पूंजीकरण 188 प्रतिशत है। भारत आज विश्व के कई देशों को विभिन्न क्षेत्रों में राह दिखाता नजर आ रहा है। अभी हाल ही में भारतीय शेयर (पूंजी) बाजार, नैशनल स्टॉक एक्स्चेंज, ने 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के पूंजीकरण के स्तर को पार कर लिया है। विदेशी निवेशक एवं विदेशी संस्थान जो माह सितम्बर 2023 तक भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे थे, अब अचानक भारी मात्रा में भारतीय शेयर बाजार में पैसा लगा रहे हैं। आज कई बार तो एक दिन में 5000 करोड़ रुपए से भी अधिक की राशि का निवेश इन विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में किया जा रहा है। नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों (निफ्टी) का कुल बाजार पूंजीकरण 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर अथवा 335 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया है। पिछले 10 वर्षों के दौरान इन कम्पनियों का पूंजीकरण 17.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की संयोजित (कंपाऊडेड) दर से बढ़ा है। भारतीय शेयर बाजार के विकास की यह रफ्तार अभी भी जारी है और कलेंडर वर्ष 2023 के अभी तक के कार्यकाल के दौरान निफ्टी पर रजिस्टर्ड कम्पनियों के पूंजीकरण, 55 लाख करोड़ रुपए (11 प्रतिशत) से बढ़ चुका है। पिछले केवल 3 माह के दौरान भारतीय कम्पनियों का निफ्टी पर पूंजीकरण 8.82 प्रतिशत की दर से बढ़ा है, जो कि विश्व के 10 सबसे बड़े शेयर बाजार में सबसे अधिक तेज गति से बढ़ा है। आज भारत विश्व के शेयर बाजार के पूंजीकरण में 3.61 प्रतिशत का योगदान कर रहा है जो जनवरी 2023 में 3.37 प्रतिशत था। नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों के कुल बाजार पूंजीकरण का स्तर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर जुलाई 2017 में पहुंचा था और लगभग 4 वर्ष पश्चात अर्थात मई 2021 में 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया था तथा केवल लगभग 2.5 वर्ष पश्चात अर्थात दिसम्बर 2023 में यह 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को भी पार कर गया है। भारत शेयर बाजार पूंजीकरण के मामले में आज पूरे विश्व में पांचवें स्थान पर आ गया है। प्रथम स्थान पर अमेरिकी शेयर बाजार है, जिसका पूंजीकरण 47.78 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में अमेरिकी शेयर बाजार का योगदान, शेयर के पूंजीकरण के मामले में, 44.74 प्रतिशत है और अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद का अमेरिकी शेयर बाजार का पूंजीकरण 188 प्रतिशत है। द्वितीय स्थान पर चीन का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 9.73 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। इस वर्ष 2023 में चीन के शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को रिणात्मक प्रतिफल दिए हैं। पूरे विश्व में चीन के शेयर बाजार का योगदान 9.12 प्रतिशत है और चीन के सकल घरेलू उत्पाद का चीनी शेयर बाजार का पूंजीकरण केवल 54 प्रतिशत है। तीसरे स्थान पर जापान का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 6.02 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में जापान के शेयर बाजार का योगदान 5.64 प्रतिशत है और जापान के सकल घरेलू उत्पाद का जापान के शेयर बाजार का पूंजीकरण 142 प्रतिशत है। चौथे स्थान पर हांगकांग का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.78 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में हांगकांग के शेयर बाजार का योगदान 4.48 प्रतिशत है और हांगकांग के सकल घरेलू उत्पाद का हांगकांग शेयर बाजार का पूंजीकरण 1329 प्रतिशत है। जबकि भारत, फ्रान्स एवं ब्रिटेन के शेयर बाजार को पछाड़कर पांचवे स्थान पर आ गया है। आज भारत के शेयर बाजार का पूंजीकरण 4.10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पूरे विश्व में भारत के शेयर बाजार का योगदान 3.61 प्रतिशत है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद का भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 114 प्रतिशत है। जिस तेज गति से भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे बढ़ रहा है, अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि शीघ्र ही भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हांगकांग शेयर बाजार के पूंजीकरण को पीछे छोड़ते हुए पूरे विश्व में चौथे स्थान पर आ जाएगा।

केंद्र सरकार पर विपक्षी दलों द्वारा कई बार यह आरोप लगाया जाता है कि भारत में सरकारी उपक्रमों को समाप्त किया जा रहा है। जबकि पिछले 27 माह के खंडकाल के दौरान सरकारी उपक्रमों का पूंजीकरण शेयर बाजार में दुगना होकर 46.40 लाख करोड़ रुपए का हो गया है। सरकारी उपक्रमों ने अपने बाजार पूंजीकरण में इस अवधि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज की है। बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज का सेन्सेक्स पिछले 27 माह में 60,000 के स्तर से 70,000 के स्तर को पार कर गया है। इन सरकारी उपक्रमों के कोरपोरेट गवर्नन्स में भारी सुधार हुआ है, जिसके चलते न केवल विदेशी निवेशकों का बल्कि भारत के संस्थागत निवेशकों एवं खुदरा निवेशकों का भी विश्वास इन सरकारी उपक्रमों पर बढ़ा है।

केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लगातार लागू किए जा रहे विभिन्न सुधार कार्यक्रमों के चलते विदेशी संस्थागत निवेशक, विदेशी खुदरा निवेशक एवं विदेशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिक भी भारतीय कम्पनियों में भारी मात्रा में शेयर बाजार के माध्यम से निवेश कर रहे हैं। हालांकि हाल ही के समय में भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है जिससे इन कम्पनियों के विभिन वित्तीय रेशीओ बहुत आकर्षक बन गए हैं। जबकि चीन, हांगकांग, जर्मनी, जापान जैसे शेयर बाजार अपने निवेशकों को रिणात्मक अथवा बहुत कम रिटर्न दे पा रहे हैं। कई विदेशी संस्थान निवेशक तो चीन, हांगकांग आदि देशों से अपना पूंजी निवेश निकालकर भारतीय शेयर बाजार में कर रहे हैं। इससे आगे आने वाले समय में भी भारतीय शेयर बाजार में वृद्धि दर आकर्षक बनी रहेगी, इसकी भरपूर सम्भावना व्यक्त की जा रही है। ऐसा कहा जाता है कि शेयर बाजार में निवेशक अपनी जमापूंजी का निवेश बहुत सोच विचार कर करता है एवं जब निवेशकों को यह आभास होने लगता है कि अमुक कम्पनी का भविष्य बहुत उज्जवल है एवं निवेशक द्वारा किए गए निवेश पर प्रतिफल अधिकतम रहने की सम्भावना है, तभी निवेशक अपनी जमापूंजी को शेयर बाजार में उस अमुक कम्पनी में निवेश करते है। इस प्रकार, जब किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर निवेशकों का भरोसा बढ़ता हुआ दिखाई देता है तो विशेष रूप से विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेशक संस्थान उस देश में विभिन्न कम्पनियों के शेयर में अपनी निवेश बढ़ाते हैं। चूंकि विदेशी संस्थानों को आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था पर एवं भारतीय कम्पनियों की विकास यात्रा पर भरपूर भरोसा है अतः भारतीय शेयर बाजार में निवेश भी रफ्तार पकड़ रहा है।

# जन अदालत में भाजपा की जीत के मंत्र बने मोदी की गारंटी और मोदी है तो मुमकिन है




**दीपक कुमार त्यागी**

**जन अदालत में मोदी की गारंटी पर जनता की लगती मुहर। मोदी के वायदों पर जनता का तेजी से दृढ़ होता विश्वास? । देश का बड़ा वर्ग कहने लग गया मोदी कर रहे हैं भारत का बिना भेदभाव के सर्वांगीण विकास।**

देश के पांच राज्यों में हाल ही में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप पांच में से तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा ने राजस्थान व छत्तीसगढ़ राज्य कांग्रेस पार्टी से छीनकर के सरकार बनाने का कार्य किया है और मध्यप्रदेश राज्य को अपने पास बरकरार रखने कार्य बखूबी किया, वहीं तेलंगाना राज्य में भी भाजपा के वोट प्रतिशत में रिकार्ड वृद्धि हुई है। हालांकि इन तीनों राज्यों में मतदान से कुछ माह पूर्व तक आलम यह था कि वहां पर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती हुई नज़र आ रही थी। लेकिन चुनावी रणभूमि में जहां एक तरफ कांग्रेस पार्टी के चंद राजनेताओं ने जीती हुई बाजी को दिन-रात मेहनत करके पार्टी को हारने का काम बखूबी किया। वहीं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने समय रहते ही स्थिति को भांप करके पूरे चुनाव को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम के इर्द-गिर्द करते हुए ÷मोदी की गारंटी÷ के दम पर हारी-बाजी को जीत में बदलने का काम किया है। चुनाव परिणाम आने के बाद से ही भाजपा में जबरदस्त जश्न का माहौल जारी है, वहीं देश के अन्य विपक्षी राजनीतिक दलों में बैठकों का दौर चल रहा है। लेकिन मुझे लगता नहीं यह सभी विपक्षी दल अभी भी विधानसभा चुनावों की हार का निष्पक्ष रूप से आंकलन करते हुए अपने-अपने गिरेबान में झांकने के लिए तैयार हैं, वह तो अभी भी अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ कर के अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने के मूड में नज़र आ रहे हैं। मोदी के विपक्ष में खड़े राजनीतिक दलों में से यह कोई भी दल समझने के लिए तैयार नहीं है कि अब उन्हें आत्ममंथन करने की जरूरत है। लेकिन वह आत्ममंथन की जगह ईवीएम को ढाल बनाकर उसके पीछे छिपने का कार्य कर रहे हैं।

हालांकि इन विधानसभा के चुनावों में जनता ने विपक्षी दलों के साथ-साथ भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, संघ व एनडीए गठबंधन के अन्य सहयोगियों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया है कि मोदी की गारंटी आज चुनावी जीत का सबसे कारगर मंत्र है, जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति, नियत, नेतृत्व व काम करने की शैली बेहद पसंद है।

वैसे देखा जाए तो प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के बहुत सारे ऐसे निर्णय हैं जोकि इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए दर्ज हो गए हैं, जनता को भी मोदी के निर्णय बेहद पसंद आते हैं, क्योंकि नरेन्द्र मोदी ने लोगों के दशकों से इंतज़ार कर रहे बहुत सारे सपनों को अपने कार्यकाल में धरातल पर अमलीजामा पहना कर साकार करके दिखा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने फैसलों से देश की दुनिया में तस्वीर बदलने व भारत के आम व खास जनमानस की तकदीर को बदलने का काम बखूबी किया है। उन्होंने अभी तक देश में सड़कों, हाइवे व एक्सप्रेसवे का जाल बिछाना, देश की सीमाओं पर सड़कों का जाल बिछाना, सेना को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करना, देश के अलग-अलग हिस्सों में एम्स हॉस्पिटल का निर्माण करना, देश के हर क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय स्तर का मजबूत करना, बंदरगाहों व रेलवे का कायाकल्प करना, देश को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए नये हवाई अड्डे बनाना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लोगों को बड़ी संख्या में घर उपलब्ध करवाना, जन-धन खाते खुलवाने, हर घर जल योजना, मेक इन इंडिया अभियान की शुरुआत करना, स्वच्छ भारत अभियान चलाना, डिजिटल इंडिया की शुरुआत करना, देश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाना, काले धन पर अंकुश लगाने के लिए नोटबंदी लागू करना, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना, तीन तलाक विधेयक लाना, सीएए कानून लाना, जीएसटी लागू करना, कोरोना से बचाव के लिए देश में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाना, देश की बड़ी आबादी को मुफ्त राशन प्रदान करना, लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करने वाली आयुष्मान भारत योजना धरातल पर लागू करना, रेहड़ी पटरी वालो के लिए पीएम स्वनिधि योजना लाना, स्टार्टअप इंडिया योजना के माध्यम से देश के युवाओं के सपनों को साकार करते हुए विकास को गति देना, अग्निपथ योजना, चंद्रमा के साउथ पोल पर चंद्रयान को भेजना, ज-20 सम्मेलन की मेज़बानी करना, विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना, महिला आरक्षण विधेयक आदि वह चंद ऐतिहासिक फैसले है जो कि हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज होकर के देश के एक बहुत बड़े वर्ग के लोगों के दिलो-दिमाग पर छा गये हैं। इन फैसलों के दम पर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज दुनिया में भारत की छवि मजबूत हुई है। जिसके चलते ही देश की जनता भी अब राष्ट्रहित में स्थिर, स्थायी और सेवाभाव से समर्पित सरकार के लिए जनादेश देना का कार्य कर रही है। लेकिन विपक्षी दल अब भी उत्तर-दक्षिण भारत का राग अलाप के नकारात्मक राजनीति करने में व्यस्त हैं। वहीं भाजपा में अबकी बार 400 पार सीट लाने की ठोस रणनीति बनाई जा रही हैं। वह मोदी की गारंटी व देश की बहुसंख्यक चार जाति गरीब, महिला, युवा और किसान की बात करके देश से जातिवादी राजनीति का सफाया करते हुए लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी बड़े पैमाने पर धरातल पर कर रही है।

वैसे भी आज देश में एक ऐसा बड़ा वर्ग है जिनका मानना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत तेजी के साथ अत्याधुनिक मजबूत भारत की नींव रखते हुए बुलंद इमारत बनाने का कार्य बखूबी कर रहे हैं, जिसके चलते ही देश और विदेश के निवेशकों को अब भारत मैं व्यापार के नये-नये अवसर दिखाई दे रहे हैं, जिससे ही देश की आर्थिक ताकत तेजी बढ रही है, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस आर्थिक ताकत के दम देश की अर्थव्यवस्था को फाइव ट्रिलियन डॉलर की बनाने में जुटे हुए हैं, साथ ही मोदी अर्थव्यवस्था को केवल आंकड़ों तक सीमित ना रखकर के देशवासियों के रोजमर्रा के जीवन में धरातल पर आमूलचूल सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए उपयोग कर रहे हैं, देश के आम जनमानस को उनके हितों के कार्य धरातल पर होते हुए नज़र आ रहे हैं, यही मोदी की गारंटी है और मोदी है तो मुमकिन है नारे का जनता की अदालत में वास्तविक अर्थ है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जनता का यह विश्वास ही भाजपा की जीत का मूल मंत्र है।

## टैक्नोलॉजी......................

# अब भारत में लैपटॉप बनाएगा सैमसंग, ग्रेटर नोएडा की फैक्टरी में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने की तैयारी

**भारत में सैमसंग मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की तैयारी की है। कंपनी के स्मार्टफोन्स का पहले ही देश में प्रोडक्शन किया जा रहा है। सैमसंग ने अगले महीने से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा की अपनी फैक्टरी में लैपटॉप भी बना सकती है।**




साउथ कोरिया की कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने भारत में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की तैयारी की है। कंपनी के स्मार्टफोन्स का पहले ही देश में प्रोडक्शन किया जा रहा है। सैमसंग ने अगले महीने से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा की अपनी फैक्टरी में लैपटॉप भी बना सकती है। इससे केंद्र सरकार की मेक इन इंडिया स्कीम को बढ़ावा मिलेगा। इस स्कीम के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए इंसेंटिव दिए जाते हैं।

वहीं एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग ने स्मार्टफोन्स का प्रोडक्शन करने वाली ग्रेटर नोएडा की फैक्टरी में नई लैपटॉप मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने की तैयारी की है। इस यूनिट की वार्षिक 60 हजार से 70 हजार लैपटॉप बनाने की क्षमता होगी।

इस रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि इस यूनिट की शुरुआत अगले महीने की जाएगी। इस उद्देश्य देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाना है। मिनिस्टर ऑफ फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी राजीव चंद्रशेखर ने बताया कि नए नियम से ये सुनिश्चित किया जा सकेगा कि देश में विश्वसनीय सिस्टम और प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल हो।

बता दें कि, कुछ महीने पहले सरकार ने लैपटॉप और टैबलेट जैसे आई हार्डवेयर की देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए 17 हजार करोड़ रुपये के इंसेंटिव वाली प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम 2.0 को स्वीकृति दी थी। इससे 6 सालों में लगभग 3.35 करोड़ रुपये के पर्सनल कंप्यूटर, सर्वर, लैपटॉप और टैबलेट्स जैसे प्रोडक्ट्स का प्रोडक्शन होने का अनुमान है।

# लैपटॉप से संबंधित ये गलती कहीं आप भी तो नहीं करते.... ऐसा करना पड़ सकता है भारी

**रितिका कमठान**

**अगर यूजर्स लैपटॉप को शटडाउन की भी नहीं बंद कर देते हैं तो यह आदत उनके लिए एक बहुत बड़ी मुसीबत बन सकती है। जानकारों का कहना है कि जब लैपटॉप में डाटा अधिक हो जाता है तो लैपटॉप शटडाउन नहीं करने से इसकी स्पीड पर काफी नकारात्मक असर पड़ता है।**




लैपटॉप आजकल हर व्यक्ति के लिए जरूरी हो गया है। स्कूल कॉलेज या फिर ऑफिस हर व्यक्ति को किसी न किसी काम के लिए लैपटॉप की जरूरत अवश्य पड़ती है। चाहे गेम खेलने हो या पढ़ाई करनी हो या फिर इंटरनेट पर कुछ सर्च करना हो हर काम के लिए व्यक्ति लैपटॉप के आसरे रहता है। लैपटॉप भी एक बेहद उपयोगी गैजेट व्यक्ति के जीवन का बन चुका है। जी लैपटॉप का इस्तेमाल सबसे अधिक हम अपने जीवन में करते हैं उसके उपयोग से जुड़ी एक गलती भी है जिसके बारे में लोगों अधिकतर नहीं जानते है। आधार पर लोग इस गलती को कर देते हैं जिससे उनके हजारों रुपए का नुकसान भी हो जाता है। गलती करने के बाद भी लैपटॉप के उपयोग से जुड़ी इस आदत से लोग अनजान है।

दरअसल अधिकतर लोग अपने लैपटॉप को शटडाउन किए बिना ही बंद कर देते हैं। लैपटॉप्स यूजर्स की एक यह बहुत बड़ी गलती है। हालांकि लैपटॉप को हमेशा शटडाउन करना चाहिए। इसी शट डाउन किए बिना कभी भी बंद नहीं करना चाहिए। लैपटॉप को जब भी बंद करें इसको हमेशा शटडाउन ही करना चाहिए। अगर लैपटॉप को शटडाउन नहीं कर रहे हैं तो इसी स्लीप मोड में डाल देना चाहिए।

बता दें कि अगर यूजर्स लैपटॉप को शटडाउन की भी नहीं बंद कर देते हैं तो यह आदत उनके लिए एक बहुत बड़ी मुसीबत बन सकती है। जानकारों का कहना है कि जब लैपटॉप में डाटा अधिक हो जाता है तो लैपटॉप शटडाउन नहीं करने से इसकी स्पीड पर काफी नकारात्मक असर पड़ता है। लैपटॉप को शटडाउन ना करने से इसे रेग्युलर अपडेट नहीं मिलता है जिससे लैपटॉप काफी धीमी गति से पर्फॉर्म करने लगते है।

बता दें कि अगर यूजर्स लैपटॉप को शटडाउन करके नहीं रखते हैं तो इससे लैपटॉप की स्पीड कुछ समय बाद अपने आप ही कम हो जाती है, जो काफी खराब है। ऐसे में लैपटॉप का ध्यान रखना बेहद जरुरी है। लैपटॉप इससे धमाके से भी बच सकता है।



# चश्मे के साथ एक नई दुनिया का आगाज

**अनिमेष शर्मा**

**जंको रोएटगर्स के अनुसार, अगली पीढ़ी के चश्मे आपको लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग देखने की अनुमति देंगे। पत्रकारों और प्रभावशाली लोगों के लिए, व्यवसाय का दावा है कि यह खेल को पूरी तरह से बदल सकता है। यह तस्वीरें लेने में सक्षम बनाता है।**

अपने उपन्यास चश्मे के विमोचन के बाद, जुकरबर्ग को फोन और टेलीविजन की आवश्यकता खत्म होने की उम्मीद है। वास्तव में, चश्मा फिल्मों और सोशल मीडिया तक पहुंच की अनुमति देता है। मेटा की बदौलत चश्मे की एक अनूठी शैली जल्द ही उपलब्ध होगी। जिसका नाम रे-बैन स्टोरीज़ 2.0 होगा। मेटा ने पहले रे-बैन धूप के चश्मे की एक श्रृंखला जारी की थी। अपने उपन्यास चश्मे के विमोचन के बाद, जुकरबर्ग को फोन और टेलीविजन की आवश्यकता खत्म होने की उम्मीद है। वास्तव में, चश्मा फिल्मों और सोशल मीडिया तक पहुंच की अनुमति देता है। इसके बारे में हमें गहराई से बताएं। मेटा की बदौलत चश्मे की एक अनूठी शैली जल्द ही उपलब्ध होगी, जिसका नाम रे-बैन स्टोरीज़ 2.0 होगा। मेटा ने पहले रे-बैन धूप के चश्मे की एक श्रृंखला जारी की थी। निगम की ओर से नये चश्मे लाये जा रहे हैं, जो पुराने चश्मे से काफी बेहतर होंगे। नए चश्मे का उपयोग करके उपयोगकर्ता इंस्टाग्राम और फेसबुक पर वीडियो लाइवस्ट्रीम कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, आप वीडियो कॉल के माध्यम से एक-दूसरे से संवाद करने में सक्षम होंगे।

**अपग्रेडेड हार्डवेयर**

इन ग्लासों में कैमरे बहुत उच्च गुणवत्ता वाले होंगे; और बैटरी लंबे समय तक चलेगी।

**शोर रद्द करने की सुविधा**

इन चश्मे में पृष्ठभूमि शोर को रद्द करने के लिए ऑडियो चलाने की क्षमता होगी।

**गेम चेंजर साबित होगा**

जंको रोएटगर्स के अनुसार, अगली पीढ़ी के चश्मे आपको लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग देखने की अनुमति देंगे। पत्रकारों और प्रभावशाली लोगों के लिए, व्यवसाय का दावा है कि यह खेल को पूरी तरह से बदल सकता है। यह तस्वीरें लेने में सक्षम बनाता है। आप वीडियो रिकॉर्ड और शूट भी कर सकते हैं। इसमें एक इंटीग्रेटेड एलईडी होगी जो वीडियो रिकॉर्डिंग के दौरान लाइव जलती रहेगी।

**ऑडियो प्रतिक्रिया**

जब आप चश्मे पर कुछ भी देखेंगे तो आप उपयोगकर्ताओं की टिप्पणियाँ और प्रतिक्रिया सुन सकेंगे। इसके अलावा चश्मा हेडफोन के साथ आएगा।

**लॉन्च की तारीख और कीमत**

सितंबर 2021 में रे बैन स्टोरीज़ की शुरुआत हुई। रु. 25,000 में आपको एक मिलेगा, जल्द ही, मेटा की दूसरी पीढ़ी की रे-बैन स्टोरीज़ की शुरुआत होने की उम्मीद है। लेकिन 2025 में तीसरी पीढ़ी को पेश किया जा सकता है। उपयोगकर्ता इस तीसरी पीढ़ी के ग्लास में डिस्प्ले के माध्यम से संदेशों तक पहुंच सकेंगे। भाषा का अनुवाद भी संभव हो सकेगा। ओरियन-कोडनेम मेटा एआर ग्लास भी लाए जा रहे हैं। 2027 जल्द से जल्द संभावित लॉन्च तिथि है। नए चश्मे का उपयोग करके उपयोगकर्ता इंस्टाग्राम और फेसबुक पर वीडियो लाइवस्ट्रीम कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त,आप वीडियो कॉल के माध्यम से एक-दूसरे से संवाद करने में सक्षम होंगे।

**- अनिमेष शर्मा**

# बेहद ही कम कीमत में मिल रहे बोट के ईयरबड्स, फास्ट चार्जिंग सपोर्ट भी मिलेगा



बोट के नए ईयरबड्स एक्टिव नॉइट कैंसिलेशन को सपोर्ट करते हैं और इसमें 50 घंटे तक की बैटरी लाइफ मिलती है। ईयरबड्स की बिक्री शुरू हो चुकी है और इसकी कीमत 1500 रुपये से भी कम है।

आज फ्लिपकार्ट पर अपने नए लॉन्च कर दिया है। नए ईयरबड्स एक्टिव नॉइट कैंसिलेशन को सपोर्ट करते हैं और इसमें 50 घंटे तक की बैटरी लाइफ मिलती है। ईयरबड्स की बिक्री शुरू हो चुकी है और इसकी कीमत 1500 रुपये से भी कम है।

बता दें कि, कंपनी ने कुछ महीने पहले 161 ईयरबड्स को लॉन्च किया था और अब नए मॉडल को कंपनी ने एक्टिव नॉइज कैंसिलेशन सपोर्ट के साथ बाजार में उतारा है। नया 161, आसपास के शोर को 32 तक कम कर सकता है। इसका मतलब है कि आप बिना अपना ध्यान भटकाए बिना म्यूजिक, वीडियो या फिर कॉलिंग का आनंद ले सकते हैं। इन ईयरबड्स आपके बार-बार चार्जिंग का टेंशन नहीं रहेगी। कंपनी का कहना है कि फुल चार्ज में केस के साथ इसमें कुल 50 घंटे की बैटरी लाइफ मिलती है। इसमें चार्जिंग का सपोर्ट भी मिलता है।

गेमर्स के लिए, ईयरबड्स में केवल 50 एमएस का लो लैटेंसी मोड है। जो गेमिंग का स्मूद एक्सपीरियंस देता है। क्रिस्टल क्लिर कॉलिंग के लिए, ईयरबड्स में 4 माइक तकनीक है, जिससे शोर वाले माहौल में आपको क्लियर कॉल क्वालिटी मिलती है। इसमें बोट के सिग्नेचर साउंड और बैलेंस्ड मोड का सोपर्ट भी मिलता है।

बोट एयरडोप्स 161 एएनसी की बिक्री शुरू हो चुकी हैं। कंपनी की वेबसाइट पर ये 1,499 रुपये में मिल रहा है। इसे तीन कलर ब्लैक, व्हाइट और ग्रीन ऑप्शन भी मिल जाएंगे।

# सरकार कर रही आपातकालीन अलर्ट सिस्टम की टेस्टिंग




बता दें कि, सरकार द्वारा ये इमरजेंसी अलर्ट भेजा जा रहा है। 20 जुलाई से सरकार कई यूजर्स के फोन पर इमरजेंसी अलर्ट की टेस्टिंग कर रहा है। हम आपको बताते हैं कि ये इमरजेंसी अलर्ट क्यो है?

भारत सरकार की तरफ से सुबह से लोगों के पास इमरजेंसी एलर्ट सर्विस का मैसेद आ रहा है। जिस वक्त मैसेज आया तो फोन में काफी तेज रिंक बजी। इतना तेज साउंड सुनकर यूजर्स घबरा गए हैं। कई लोगों को लगा कि कोई स्कैम हुआ है तो कुछ को लगा कि उनके फोन में दिक्कत हुई है। लेकिन बता दें कि, सरकार द्वारा ये इमरजेंसी अलर्ट भेजा जा रहा है। 20 जुलाई से सरकार कई यूजर्स के फोन पर इमरजेंसी अलर्ट की टेस्टिंग कर रहा है। हम आपको बताते हैं कि ये इमरजेंसी अलर्ट क्यो है?

सरकार ने सिस्टम को टेस्ट करे के लिए यूजर्स को दोपहर 12 से 1 बजे के बीच सभी के फोन में ये मैसेज आया था। तेज साउंड के साथ आए मैसेज में लिखा था कि, ये भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से भेजा गया एक नमूना परीक्षण संदेश है। कृप्या इस संदेश पर ध्यान न दें क्योंकि इस पर आपकी ओर से किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है। ये संदेश राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे अखिल भारतीय आपदा अलर्ट सिस्टम को जांचने हेतु भेजा गया है। इस सिस्टम का उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाना और आपदा स्थिति के दौरान समय पर अलर्ट प्रदान करना है।

**हो सकते हैं फायदे**

बता दें कि, इमरजेंसी अलर्ट ने सिर्फ आपदाओं जैसी स्थितियों के लिए बल्कि युद्ध की स्थिति में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। आम लोगों को अलर्ट करने के लिए सबसे अच्छा साबित हो सकता है। आज के दौर में टीवी और रेडियो से ज्यादा स्मार्टफोन का इस्तेमाल होता है। इसलिए ये इमरजेंसी अलर्ट काफी कारगर साबित होगा।



# अब फोन से चेक कर पाएंगे डेंगू का बुखार

बता दें कि, वाशिंगटन यूनिवर्सी के रिसर्चर्स ने स्मार्टफोन को थर्मामीटर में बदलने के लिए एक ऐप फीवरफोन बनाया है। जिसमें बिना किसी हार्डवेयर को कनेक्ट किए आप आसानी से अपना बुखार चेक कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी के छात्र जोसेफ ब्रेडा ने इस रिसर्च का अहम हिस्सा थे। जिनके कारण फीवरफोन ऐप बन पाया है। इंस्टीट्यूट के अनुसार, इसमें लोगों को बुखार है या नहीं इसको चेक करना आसान है और ये मौजूदा फोन सेंसर का इस्तेमाल करने वाला पहला ऐप है। इस ऐप से फोन में पहले के टेंपेंचर के मुताबिक आपके अब के टेंपरेचर को मॉनिटर करता है। हालांकि, ये सेंसर डिवाइस के कॉन्टेक्ट में आने वाले वॉर्म यूनिट्स का पता लगाता है। जिसे फीवरफोन इस्तेमाल करता है। किसी व्यक्ति के शरीर के टेंपरेचर का पता लगाने के लिए फोन की टचस्क्रीन को उनके माथे के सामने रखा जाता है।

**मशीन लर्निंग मॉडल आएगी**

जिसके बाद टेंपरेचर को थर्मिस्टर और टचस्क्रीन से महसूस किया जाता है। वहीं अगर स्क्रीन पर टेंपरेचर में बदलाव आता है तो उससे फीवर का पता लगाया जाता है। इन फीचर्स के साथ, एक मशीन लर्निंग मॉडल आपके शरीर का टेंपरेचर मापने के लिए काफी काम में आ सकता है। इस ऐप के गूगल प्ले स्टोर पर 10 लाख से ज्यादा डाउनोट्स हैं ये ऐप आपकी बॉडी का टेंपरेचर चेक कर सकता है। जिससे आसानी से पता लगाया जा सकता है कि आपको पीवर है या नहीं। इसके बाद इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर पर 3.7 रेटिंग मिली हुई है। और इसे अबतक 5 लाख यूजर्स द्वारा डाउनलोड किया गया है।

सेंसर डिवाइस के कॉन्टेक्ट में आने वाले वॉर्म यूनिट्स का पता लगाता है। जिसे फीवरफोन इस्तेमाल करता है। इसमें लोगों को बुखार है या नहीं इसको चेक करना आसान है और ये मौजूदा फोन सेंसर का इस्तेमाल करने वाला पहला ऐप है।

इन दिनों दिल्ली में डेंगू काफी ज्यादा फैल रहा है। ऐसे में लोग बाहर जाने से परहेज कर रहे हैं। लेकिन बिना बाहर जाए लोग डेंगू का बुखार (छ्द्गठ्ठद्दह्वद्ग स्नद्ग1द्गह्म्) कैसे चेक कर सकते हैं ये भी अपने में बड़ा सवाल है। तो हम आपको ऐसे ऐप के बारे में बताएंगे जो आपकी इस जरूरत को पूरा करेगा और आप बाहर जाने से बच जाएंगे। दरअसल, आप अपने फोन से अपना बुखार चेक कर सकते हैं और समय पर उसका ट्रीटमेंट स्टार्ट कर सकते हैं।

**फोन सेंसर का इस्तेमाल करने वाला पहला ऐप**

# एआरटीओ पर लगे विश्व हिंदू महासंघ के मंडल प्रभारी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप



◆ कोतवाली में हिंदू संगठन का प्रदर्शन, एआरटीओ के खिलाफ तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग

**महोबा।** परिवहन विभाग के अधिकारी ए आर टी ओ पर हिंदू संगठन के पदाधिकारी को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगा है। विश्व हिंदू महासंघ के मंडल प्रभारी को धमकाए जाने से भड़के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में पहुंचकर नारेबाजी की और नामजद तहरीर देकर एआरटीओ के खिलाफ मुकदमा लिखने की मांग की गई है। एआरटीओ अधिकारी पर लाइसेंस नवीनीकरण में पैसा मांगने के भी आरोप लग रहे है।

दरअसल आपको बता दें कि विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने एआरटीओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक तहरीर कोतवाली महोबा में दी है। बताया जाता है कि विश्व हिन्दू महासंघ के मंडल प्रभारी दीपक शुक्ला को जान से मारने की धमकी और फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने की धमकी दी गई थी जिस पर कोतवाली में पहुंचे महासंघ के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए मुकदमा लिखने की मांग की है। विश्व हिंदू महासंघ के मंडल प्रभारी दीपक शुक्ला बताते हैं कि उसका भाई बृजबिहारी शुक्ला का ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण को लेकर एआरटीओ अधिकारी तीन माह से चक्कर लगवा रहा था आरोप है कि लाइसेंस नवीनीकरण के नाम पर पैसों की मांग एआरटीओ द्वारा की जा रही थी। ऐसे में बीते रोज दीपक शुक्ला एआरटीओ ऑफिस में उक्त ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण की जानकारी लेने पहुंचे तो आरोप है कि वहां एआरटीओ अधिकारी सुनील दत्त ने उसके साथ अभद्रता कर दी जिसको लेकर पीड़ित ने सोशल मीडिया में वीडियो लाइव कर अधिकारी के भ्रष्ट होने और हर काम के एवज में पैसा मांगने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं यह वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस विवाद के बाद पीड़ित अपने घर वापस लौटाया लेकिन आरोप है कि किसी माध्यम से वायरल वीडियो को डिलीट करने का दबाव बनाया गया। यही नहीं आरोप लगाए जा रहे हैं कि एआरटीओ ने शहर के एक होटल में बुलाया जिस पर पीड़ित व अन्य सुभम सिंह, सागर सिंह तथा पाठक जी के साथ होटल पहुंचे जहां एआरटीओ द्वारा होटल में अपमानित करते हुए फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने के साथ-साथ हत्या तक की धमकी दे डाली। पीड़ित की माने तो आरटीओ समाजवादी पार्टी की मानसिकता से काम कर भाजपा सरकार की छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं और हर काम के एवज में पैसा मांगने के साथ-साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं पीड़ित ने बताया कि उसे होटल में बुलाकर धमकाया गया और कहा गया कि उसके रिश्ते राजनेताओं से गहरे हैं तो वहीं सपा के बड़े नेताओं के नाम भी लेते हुए धमकाने की बात कही जा रही है। महासंघ के मंडल प्रभारी द्वारा लगाया गया आरोप गंभीर हैं लेकिन इसमें कितनी सच्चाई है यह जांच का विषय बन चुका है। पदाधिकारी को धमकाए जाने का मामला सामने आने पर हिंदू संगठन के लोगों में आक्रोश है और यही वजह है कि शहर कोतवाली में पहुंचकर हिंदू संगठन के लोगों ने जमकर नारेबाजी की। सभी ने एआरटीओ सुनील दत्त के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने की मांग की है। कार्यकर्ताओं का साफ तौर पर कहना है कि यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं होती है तो विश्व हिंदू महासंघ जिले में ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर भर में एआरटीओ के खिलाफ प्रदर्शन करेगा।

वहीं इस पूरे मामले को लेकर एआरटीओ सुनील दत्त ने सभी आरोपों को गलत बताते हुए साजिश करार दिया है और कहा कि उनके द्वारा डीएम और एसपी को इस मामले से अवगत कराया जा चुका है।

## रामसिया फौजी दोबारा बने अपना दल एस जिलाध्यक्ष

**चित्रकूट।** अपना दल एस कार्यालय मऊ में प्रथम आगमन पर केंद्रीय कार्यालय लखनऊ से रामसिया पटेल पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला कार्यकताओं ने फूल मालाओं से भव्या स्वागत किया।

जिनमे रेखा सिंह पटेल प्रदेश सचिव महिला मोर्चा, मिथिला आदिवासी अध्यक्ष, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष नारायण पासी, छात्र सभा अध्यक्ष अभिषेक सिंह रिंकू, गुडडू सिंह पटेल अध्यक्ष विधानसभा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 2024 से यूपी को उम्मीदें

# पांच औद्योगिक कॉरिडोर से होगा नए साल का आगाज, शुरू होंगे 14 नए मेडिकल



**लखनऊ।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे पांच जगह 1586 हेक्टेयर भूमि पर 2300 करोड़ की लागत से और गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे 1522 हेक्टेयर भूमि पर 2300 करोड़ से औद्योगिक कॉरिडोर बनेंगे।

नया साल प्रदेश के लिए तरक्की की नई सौगात लेकर आएगा। एक तरफ फरवरी में भूमि पूजन समारोह के साथ कम से कम 10 लाख करोड़ के औद्योगिक करार धरातल पर उतरेंगे तो दूसरी तरफ पांच एक्सप्रेसवे के किनारे स्थापित होने वाले औद्योगिक कॉरिडोर मूर्त रूप लेंगे। वर्ष 2023 में वैश्विक निवेशक सम्मेलन से लेकर दिसंबर तक करीब 39 लाख करोड़ रुपये के 20 हजार के हुए समझौतों को नए साल में जमीन पर उतारने की शुरुआत होगी।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे पांच जगह 1586 हेक्टेयर भूमि पर 2300 करोड़ की लागत से और गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे 1522 हेक्टेयर भूमि पर 2300 करोड़ से औद्योगिक कॉरिडोर बनेंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे 1884 हेक्टेयर जमीन पर 1500 करोड़ और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किनारे 532 हेक्टेयर भूमि पर 650 करोड़ के अलावा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे भी 345 हेक्टेयर जमीन पर 320 करोड़ से इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की शुरुआत नए साल में होगी।

**सेहत सुधार के प्रयासों को लगेंगे पंख**

नए साल में सेहत सुधार के प्रयासों को पंख लगेंगे। इससे न सिर्फ स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा, बल्कि नए विशेषज्ञ तैयार करने में सहूलियत मिलेगी। खास बात यह है कि आयुष के आधारभूत बदलाव होने की उम्मीद है। प्रदेश में नए साल में कुछ इस तरह बदलाव देखने को मिलेंगे...

- 14 नए मेडिकल कॉलेज शुरू होंगे। इससे एक साथ एमबीबीएस की 1400 सीटें बढ़ जाएंगी। चल रहे मेडिकल कॉलेजों में पीजी की करीब 1500 सीटें बढ़ेंगी।
- सभी मंडलीय राजकीय अस्पतालों में एमआरआई की सुविधा मिलने लगेगी।
- हर मेडिकल कॉलेज में कैंसर यूनिट की भी स्थापना होगी।
- उप्र. इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। नए साल में यह प्रदेश को फार्मा हब बनाने में मदद करेगा। इस पर करीब 1560 करोड़ रुपया खर्च होंगे।

**आयुष में होगा आधारभूत बदलाव**

नए साल में वाराणसी में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान खोलने के साथ आयुर्वेद कॉलेजों में पंचकर्म प्रशिक्षण सेंटर खुलेंगे। आयुष कॉलजों को संवारने के लिए आयुष महानिदेशालय बनाया जाएगा। प्रदेश में आठ 50 बेड के आयुष अस्पताल भी मिलेंगे।

**ऊर्जा क्षेत्र का होगा विस्तार**

नए साल में जवाहरपुर और ओबरा में दो नई परियोजनाएं शुरू होने से नए साल की शुरुआत में 1320 मेगावाट बिजली मिलने लगेगी। दो अन्य परियोजनाएं भी साल के अंत तक तैयार होंगी। इससे 1320 मेगावाट अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन होने लगेगा। इस तरह कुल 2640 मेगावाट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होगा। अयोध्या में लग रहे 40 मेगावाट का सौर ऊर्जा प्लांट से नए साल में में करीब 30 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य है।

- अयोध्या, काशी और मथुरा सहित पांच शहरों में सोलर बोट का संचालन होगा। यह पर्यटन विभाग और यूपीनेडा की ओर से संयुक्त रूप से किया जाएगा।
- नए साल में प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन बनने लगेगा। यहां हाइड्रोन से चलने वाली बसें भी चलाई जाएंगी। इसके लिए यूपीनेडा में 20 कंपनियों ने आवेदन किया है।

प्रदेश की जनता को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर की सौगात भी 2024 में मिल जाएगी। एयरपोर्ट के पहले चरण का निर्माण अंतिम दौर में हैं।

**प्रोफेशलन कोर्स को मिलेगा बढ़ावा**

- व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग ने नए साल में दो मेगा रेजिडेंशियल आईटीआई शुरू करने की तैयारी की है। इसमें एक साथ 15 हजार छात्रों के दाखिले और कई सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होंगे। 150 आईटीआई के अपग्रेडेशन की प्रक्रिया नए साल में पूरी होगी। इसके बाद आईटीआई में शार्ट टर्म स्किल कोर्स शुरू होंगे। हेक्सागॉन के माध्यम से भी 50 और आईटीआई अपग्रेड किए जाएंगे।
- एकेटीयू नए साल में 100 इन्क्यूबेशन सेंटर खोलेगा। पॉलीटेक्निक संस्थानों में भी इन्क्यूबेशन सेंटर खुलेंगे

**नया शिक्षा आयोग लेगा मूर्त रूप, भर्तियों को मिलेगी गति**

प्रदेश में उच्च, माध्यमिक, प्राथमिक और सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थानों में शिक्षकों और अनुदेशकों की भर्ती के लिए उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन की औपचारिकता पूरी हो चुकी है। आयोग के लिए अध्यक्ष व सदस्यों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी हो गया है। नए साल 2024 में यह आयोग पूरी तरह से मूर्त रूप लेगा। इसके बाद 5000 से अधिक पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया को भी गति मिलेगी। असिस्टेंट प्रोफेसर के 1017 व टीजीटी-पीजीटी के 4163 पदों के लिए 2022 में आवेदन लिए गए थे। इन दोनों भर्तियों के लिए लगभग 14 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

**इन पदों पर होंगी भर्तियां**

- कृषि प्राविधिक सहायक ग्रुप सी के 3466 पदों, आईटीआई में अनुदेशकों के 2406 पदों, कनिष्ठ सहायक के 5512 पदों, ग्राम पंचायत अधिकारी के 1468, वन दरोगा के 701 पदों पर भर्ती प्रक्रिया होगी। 2532 पदों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति होगी।

**बड़े पैमाने पर होगी लेखपालों की भर्ती**

- नए साल में 7000 से अधिक नए लेखपालों की भर्ती होगी। जल्द ही इसका प्रस्ताव उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेजा जाएगा।

# 5.11 करोड़ रुपये से बनेगा सिंदुरवा रेलवे अंडरपास

**जगदीशपुर (अमेठी)।** लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक पर कमरौली क्षेत्र की सिंदुरवा रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से लोगों को हो रही परेशानी जल्द दूर होगी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की पहल पर रेलवे ने अंडरपास निर्माण को मंजूरी प्रदान की है। साथ ही पहली जनवरी 2024 से निविदा प्रक्रिया पूर्ण करते हुए मानक के अनुसार अंडरपास निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की कवायद तेज हो गई। इसके बनने से 50 हजार लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक पर कमरौली क्षेत्र की सिंदुरवा रेलवे क्रॉसिंग संख्या-137 सी को रेलवे ने दो वर्ष पूर्व बंद कर दिया था। आवागमन के लिए विकल्प के तौर पर कोयलारा रेलवे क्रॉसिंग संख्या 138 से सुविधा दी गई थी। लेकिन वैकल्पिक रेलवे क्रॉसिंग से ग्रामीणों को दिक्कत होती थी।

इस समस्या को ग्रामीणों ने केन्द्रीय मंत्री सांसद अमेठी स्मृति ईरानी के समक्ष रखा। इसके बाद रेलवे ने सिंदुरवा रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर पास बनाए जाने का फैसला लिया है। रेलवे क्रॉसिंग गेट संख्या 137 सी पर अंडरपास निर्माण के लिए 5 करोड़ 11 लाख 93 हजार रुपये की निविदा आमंत्रित की गई है। पहली जनवरी 2024 से निविदा प्रक्रिया शुरू होगी। यह 15 दिन में पूरी होगी। स्टेशन अधीक्षक राकेश पांडेय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि प्रक्रिया चल रही है।

**इन्हें मिलेगा लाभ**

सिंदुरवा रेलवे क्रॉसिंग के खुलने से उतेलवा फोर लाइन हाईवे से सीधा किसनी को जोड़ती है। जिससे सौना,पूरे दीना पाठक, निरहीगढ़, ब्योरेमऊ, सरैया पीर ज्यादा व सिंदुरवा समेत कई गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। क्रॉसिंग पर अंडर पास के बनने से उक्त गांवों के लगभग 50 हजार लोगों को लखनऊ-वाराणसी हाईवे से सीधे जुड़ने के लिए दो से पांच किलोमीटर लंबी दूरी नही तय करनी पड़ेगी।

## खड़ी बस में डंपर ने मारी ठोकर, बाल-बाल बचे यात्री

**अमेठी।** जायस चौराहे पर खड़ी रोडवेज बस में पीछे से डंपर ने ठोकर मार दी। इससे बस में बैठे यात्री बाल-बाल बच गए। किसी के चोटिल होने की खबर नहीं है। जायस चौराहे पर सुल्तानपुर डिपो की रोडवेज बस खड़ी थी। तभी नसीराबाद की ओर से आए डंपर ने बस में पीछे से ठोकर मार दी। जिससे पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस खड़ी होने के कारण यात्री बाल-बाल बच गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस वाहनों को थाने लेकर आई। एसओ देवेंद्र सिंह का कहना है कि किसी को चोट नहीं आई थी। वहीं, सुल्तानपुर के एआरएम नागेंद्र प्रसाद पांडेय का कहना है कि जानकारी मिली है। चालक से बात की जा रही है।

# पहली बार हवाई जहाज से अयोध्या आने की खुशी बेमिसाल

## यात्रियों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



**लखनऊ।** दिल्ली से अयोध्या धाम की यात्रा के दौरान फ्लाइट में तमाम यात्रियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इनमें से कई यात्री यहां रामलला का दर्शन करने की कामना के साथ पहुंचे। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शुक्रिया भी अदा किया।

लोकार्पण के बाद महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहली फ्लाइट लगभग चार बजे पहुंची। एयरपोर्ट पर यात्रियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रियों ने एयरपोर्ट पहुंचने पर जय श्रीराम के नारे लगाए। कुछ ने अयोध्या की धरती को नमन किया। दिल्ली से अयोध्या की पहली फ्लाइट लेकर कैप्टन आशुतोष शेखर पहुंचे थे। पहली फ्लाइट के यात्री बेहद खुश थे। यहां एएआई, इंडिगो के अफसरों ने सबका स्वागत किया। उतरने के बाद रनवे पर ही यात्रियों ने जय श्रीराम और मैं आया नहीं हूं सरयू मैया ने मुझे बुलाया है लिखी तख्तियां दिखाई। भूमि को नमन किया फिर आगे बढ़े।

बातचीत में सहादतगंज की रहने वाली गरिमा गौतम ने बताया कि वह पहली फ्लाइट से दिल्ली से अयोध्या आने के लिए ही दिल्ली गई थीं। उन्होंने बंगलुरू में रहने वाले अपने इंजीनियर बेटे को दिल्ली बुलाया। दिल्ली से वह दोनों पहली फ्लाइट से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। भीखापुर के रहने वाले आशुतोष पांडेय ने बताया कि वह व्यक्तिगत काम से दिल्ली गए थे। वहां से अयोध्या पहली फ्लाइट से आए। अयोध्या के लिए हवाई जहाज की यात्रा से बहुत खुशी हुई।

अयोध्या की राम लीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक (बाबी मलिक) ने भी दिल्ली से अयोध्या की पहली फ्लाइट से यात्रा की। कहते हैं कि बरसों से इसका इंतजार था। इसका सारा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है।

पहली फ्लाइट से अयोध्या पहुंचे सौ यात्री

महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लोकार्पण किए जाने के तुरंत बाद यहां के लिए दिल्ली से पहली फ्लाइट ने उड़ान भरी। इंडिगो की इस फ्लाइट में करीब सौ यात्रियों को रामनगरी आने का सौभाग्य मिला। पायलट आशुतोष शेखर ने सभी का स्वागत जयश्रीराम के उद्घोष से किया।

दिल्ली से अयोध्या धाम की यात्रा के दौरान फ्लाइट में तमाम यात्रियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इनमें से कई यात्री यहां रामलला का दर्शन करने की कामना के साथ पहुंचे। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शुक्रिया भी अदा किया।

इस विमान के यात्रियों को खास तरह का अंगवस्त्र दिया गया। इसे उन्होंने अपने गले में लपेटा हुआ था। उड़ान भरने से पहले यात्रियों ने केक काटकर अपनी खुशी का इजहार किया। विमान में चढ़ते समय कई यात्रियों के पास भगवा झंडे भी थे।

## आठ जुआडियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** थाना रैपुरा उनि अरविंद कुमार सिंह ने जुआ खेलते अभियुक्त राजेश सिंह पुत्र लाल साहब, राहुल पांडेय पुत्र जगत नारायण, नंदलाल पुत्र देवराम पाल, शंकर कोरी पुत्र शिवशरण, विनोद कुमार पुत्र अमरीश दत्त, शिवकल्याण पुत्र भैरव प्रसाद, शाह आलम पुत्र जमालुद्दीन, जीतू पांडे पुत्र लक्ष्मीकांत, अंसार अली पुत्र बाकर अली को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के मालफड़ 5500 रुपये व जामा तलाशी से 2600 रूपये बरामद किया।

## कोषागार झाँसी के नाम से फेंक कॉल मोबाइल पर आये तो वेतन/पेंशन से सम्बन्धित जानकारी न दें : मुख्य कोषाधिकारी

◆ सभी पेंशनधारक फ्रॉड कॉल्स व मैसेज से सचेत रहें, ताकि कोई धोखाधड़ी न हो

(विश्व परिवार)

**झांसी।** मुख्य कोषाधिकारी झांसी द्वारा सूचित किया गया है कि कोषागार झाँसी से पेंशन आहरित करने वाले समस्त पेंशन धारकों को कोषागार झाँसी के नाम से किसी भी प्रकार का कोई भी फेंक कॉल/मैसेज आपके मोबइल पर आता है और उस कॉल से आपके वेतन / पेंशन से सम्बन्धित या अन्य कोई भी सूचना माँगी जाती है या किसी भी प्रकार का लिंक भेजकर उसे खोलने या फॉरवर्ड करने के लिए के लिए कहा जाता है, तो कृपया उस लिंक को नहीं खोले और न ही अपने वेतन / पेंशन से सम्बन्धित कोई भी जानकारी न दें, क्योंकि कोषागार, झांसी द्वारा इस प्रकार का कॉल / मैसेज नही किया जाता है।

मुख्य कोषाधिकारी झांसी द्वारा सभी पेंशन धारकों को सावधान किया है कि इस प्रकार के फ्रॉड कॉल्सय व मैसेज से सचेत रहें ताकि आपके साथ किसी भी प्रकार कोई धनराशि की धोखाधड़ी न होने पायें।

## महोबा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शीघ्र होगा प्रारम्भ



◆ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सीमा पटनाहा सिंह को दिया आश्वासन

**महोबा।** जैसा कि ज्ञात हो महोबा में खनिज न्यास से सरकारी मेडिकल कॉलेज बनाने की माँग बहुत दिनों से क्षेत्रवासिओं द्वारा की जाती रही है, इसी क्रम में पिछले माह सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह ने केंद्रीय स्वास्थ राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल से मिलकर मुद्दा उठाया था तथा उसकी प्रतिलिपि राज्यसरकार को भी भेजी थी। तब केंद्रीय स्वास्थ राज्य मंत्री ने इस पर कार्य करने का आश्वासन दिया था तथा अपने कार्यालय से स्वास्थ मंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र भेज दिया था।

इसी मुद्दे पर आज पुनः सीमा पटनाहा सिंह ने क्षेत्रवासिओं की तरफ़ से राज्य के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ मंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर पुनः मुद्दा उठाया, जिसमें ब्रजेश पाठक जी ने कहा कि आपका पुराना पत्र केंद्रीय मंत्री जी के कार्यालय से मिल गया है, और इस पर कार्यवाही हो रही है, जल्दी ही महोबा में शिलान्यास करके निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा ।

# रेलवे स्टेशन के पास गोवंश का मिला सिर, हिंदू संगठनों का हंगामा

**लखनऊ रायबरेली।** रेलवे स्टेशन के पास शनिवार सुबह गोवंश का कटा सिर मिला। मौके पर पहुंचे हिंदू संगठनों ने हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि काफी समय से प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी कराई जा रही है।

लेकिन पुलिस-प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। विरोध बढ़ता देख मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी पहुंचे। उन्होंने सभी को शांत कराते हुए मामले में शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

सुबह करीब आठ बजे रेलवे स्टेशन के सामने रोड पर एक गोवंश के बच्चे का कटा सिर पड़ा मिला। देखते ही देखते हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों का जमावड़ा लग गया। सभी ने गोवंश के बच्चे की हत्या कर सिर रोड पर फेंकने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कुछ देर बाद पुलिस पहुंची।

लेकिन आक्रोश बढ़ता देख एसपी भी मौके पर पहुंच गए। गो सेवा समिति के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य जयदीप राजपाल ने आरोप लगाया कि शहर में कुछ लोग काफी समय से पुलिस की मिलीभगत से वध प्रतिबंधित मवेशियों का तस्करी का काम कर रहे हैं। इसपर एसपी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। गोवंश का सिर सड़क पर फेंकने वालों को चिन्हित कराकर उन पर कार्रवाई की जाएगी।

**माहौल खराब करने की कोशिश**

यह पहला मामला है जब शहर क्षेत्र में इस तरह गोवंश के बच्चे का सिर काटकर उसे सड़क पर फेंक गया। ऐसा करके शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की गई है।

ऐसे में हिंदू संगठनों का कहना है कि ऐसा करने वालों को चिन्हित करके उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो शहर का माहौल खराब हो सकता है। ऐसे में नए साल के पहले यह मामला पुलिस के लिए चुनौती बन गया है।

# 50 किलो सोने से मंडित होंगे भूतल के 14 दरवाजे, सर्वोत्तम मूर्ति की गर्भगृह में होगी प्राण प्रतिष्ठा



**अयोध्या।** राम मंदिर में 50 किलो सोने से भूतल के 14 दरवाजे मंडित होंगे। जनवरी के पहले सप्ताह में दरवाजों को स्वर्ण जड़ित करने का काम पूरा हो जाएगा। वहीं, 10 जनवरी तक अचल मूर्ति के चयन का परिणाम सामने आ जाएगा। तीन मूर्तिकारों ने तीन मूर्तियां बनाई हैं। सर्वोत्तम मूर्ति की गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा होगी।

रामनगरी के भूतल के दरवाजों को स्वर्ण जड़ित किए जाने की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच गई है। तीन मंजिला राममंदिर में कुल 42 दरवाजे लगाए जाने हैं। हर तल में 14-14 दरवाजे होंगे। राममंदिर के भूतल में लगने वाले सभी दरवाजे स्वर्ण जड़ित किए जा रहे हैं। इन दरवाजों को स्वर्ण जड़ित करने में 50 किलो सोना लगने का अनुमान है।

दरवाजों को स्वर्ण जड़ित करने में जुटे एक कारीगर ने बताया कि दरवाजे सागौन की लकड़ी के हैं। इन पर पहले नक्काशी की गई है। फिर तांबे की चादर चढ़ाई गई है। इस पर 24 कैरेट सोने की परत चढ़ाई जा रही है। पांच जनवरी तक भूतल के सभी दरवाजों को स्वर्ण जड़ित करने का काम पूरा कर लिया जाएगा। वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि राम जन्मभूमि परिसर में किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री का स्टॉल या दुकान नहीं होगी। यानि आपको यहां चाय की दुकान भी नहीं मिलेगी। परिसर को साफ-स्वच्छ रखने के लिए ऐसा निर्णय लिया गया है। अगले 25 सालों तक यहां कोई ऐसा कारोबार न बढ़े ताकि परिसर गंदगी से युक्त हो।

**10 जनवरी तक सामने आएगा अचल मूर्ति के चयन का परिणाम**

उधर, रामलला की अचल मूर्ति के चयन को लेकर ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने शुक्रवार को गुप्त मतदान किया था। सभी सदस्यों ने मूर्ति को लेकर अपने-अपने विचार एक पर्ची में लिखकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को सौंप दिया है। ट्रस्ट के सूत्रों का कहना है कि अचल मूर्ति का परिणाम दस जनवरी तक आ सकता है।

रामलला श्याम या फिर श्वेत रंग के होंगे, इसकी घोषणा ट्रस्ट दस जनवरी तक कर सकता है। कर्नाटक के दो व राजस्थान के एक मूर्तिकार ने तीन अलग-अलग मूर्तियां बनाई हैं। इनमें से जो सर्वोत्तम होगी वह रामजन्मभूमि में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठित की जाएगी।

मूर्ति के चयन के लिए जिन्होंने गुप्त मतदान किया, उनमें ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि, महासचिव चंपत राय, राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, युगपुरुष स्वामी परमानंद, बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र, डॉ. अनिल मिश्र, कामेश्वर चौपाल, महंत दिनेंद्र दास, आईएएस ज्ञानेश कुमार, प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, जिलाधिकारी नितीश कुमार शामिल रहे।

अधिवक्ता के परासरण व स्वामी विश्व प्रसन्न तीर्थ की राय वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ली गई है। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र का कहना है कि अचल मूर्ति पर अंतिम निर्णय ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि व महासचिव चंपत राय को लेना है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओपीडी में सर्दी जुकाम के मरीजों की भीड़

**सुमेरपुर।** ठंड का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए किए गए इंतजाम फिलहाल ना काफी साबित हो रहे हैं। लोग ठंड की चपेट में आकर बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। गुरुवार को कस्बे की पीएचसी में संचालित ओपीडी में 165 मरीजों को उपचार किया गया। गुरुवार को पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। ठंड अपना विकराल रूप प्रतिदिन दिखा रही है ठंडी की चपेट में आकर बच्चे, बूढ़े, महिलाएं बीमार हो रही हैं। सर्द हवाओं के चलने से लोग दिनभर अलाव को सहारा ले रहे हैं। नगर पंचायत कस्बे में 37 स्थानों पर अलाव जलवा रही है। इसके बाद भी यह नाकाफी साबित हो रहे हैं जबकि बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन, अस्पताल में अलावा में अतिरिक्त लकड़ी लगाई जा रही है। इसके बाद लोग ठिठुरने को मजबूर है गुरुवार को पीएचसी में संचालित ओपीडी में 165 मरीजों को उपचार किया गया ज्यादातर मरीज सर्दी जुकाम से ग्रसित थे।

### किशोर का शव बबूल के पेड़ में लटका मिला

**मौदहा ।** बीते बुधवार से गायब हुए किशोर का शव जंगल में बबूल के पेड़ पर लटका हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि मृतक की गुमशुदगी सिसोलर थाने में दर्ज है।

सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम परेहटा निवासी संदीप उर्फ छोटू( 14)पुत्र कल्लू यादव का गुरुवार को जंगल में उनके खेतों की मेड़ पर लगे बबूल के पेड़ पर लटका हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। हालांकि किशोर का शव लोअर से फंदा बना कर लटका हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सिसोलर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक किशोर के पिता कल्लू यादव ने बताया कि उनका छोटा पुत्र संदीप बुधवार को शाम करीब चार बजे बकरियां लेने आया था और उन्होंने उसे बरमदेव के स्थान पर देखा था। वह चारा लेकर घर चले आए, लेकिन उनका पुत्र शाम तक घर नहीं पहुंचा तो पड़ोसियों के साथ उसकी तलाश की और जब कुछ जानकारी नहीं मिली तो सिसोलर थाने जाकर सूचना दी। जिसकी गुमशुदगी पुलिस ने दर्ज कर ली है। उसके बाद यह जानकारी मिली है। मृतक अपने परिवार में दो भाई हैं और मृतक दूसरे नंबर का है। पिता किसानी के साथ ही पशुपालन भी करते हैं। फिलहाल किशोर द्वारा आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी सिसोलर ने बताया कि प्रथम दृष्टिकोण से मामला आत्महत्या का लग रहा है क्योंकि इनके परिवार का किसी से कोई विवाद नहीं है, फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

### जिले में 12 के मिला फाइलेरिया का पैरासाइट

**हमीरपुर।** बीते दिनों चलाए गए नाइट ब्लड सर्वे अभियान में सबसे अधिक मौदहा में नौ व सदर में दो लोगों में फाइलेरिया पैरासाइट पाया गया है। जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा वहां 10 से 28 फरवरी तक रात्रि फाइलेरिया दिवस अभियान चलाने की तैयारी में जुटा है। क्षेत्रवासियों को आयु वर्ग के हिसाब से डीईसी व एल्बेंडाजोल की खुराक दी जाएगी।जिला मलेरिया अधिकारी आरके यादव ने बताया कि बीते दिनों चलाए गए नाइट ब्लड सर्वे में सभी ब्लाकों से सैंपल ले जांच की गई। 4828 सैंपलों में 12 में फाइलेरिया के पैरासाइट्स पाए गए। इसमें नौ मौदहा क्षेत्र के व दो हमीरपुर नगरीय क्षेत्र के शामिल है। जबकि शेष ब्लाकों में फाइलेरिया के मामले लगभग शून्य रहे। इसके चलते मौदहा में 10 से 28 फरवरी तक रात्रि फाइलेरिया दिवस अभियान चलाया जाएगा और आयु वर्ग के हिसाब से लोगों को दवा खिलाई जाएगी। जिला मलेरिया अधिकारी आरके यादव ने बताया कि अभियान को लेकर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं, गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों व एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को दवा नहीं दी जाएगी।

### वार्ड 21 में महिला लाभार्थियों को बांटे उज्जवला योजना के गैस कनेक्शन

**हमीरपुर।** शहर के वार्ड 21 के सभासद/जिला योजना समिति सदस्य बउवा ठाकुर ने शुभ भारत गैस एजेंसी के माध्यम से उज्वला योजना के तहत महिला लाभार्थियों को निशुल्क गैस चूल्हा सिलेंडर वितरित किए गए। इस मौके पर सभासद ने कहा योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिलाने का प्रयास जारी रहेगा। इसके माध्यम से उन सभी परिवारों को गैस कनेक्शन, सिलेंडर मुफ्त मिलेगा। जिनके राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों में किसी भी व्यक्ति के नाम गैस कनेक्शन नहीं होगा। इसके लिए राशन कार्ड में चढ़े हुए परिवार के सभी लोगों के आधार कार्ड की कॉपी, महिला मुखिया की दो फोटो, बैंक खाते की फोटो कॉपी, राशन कार्ड की फोटो कॉपी व मोबाइल नंबर देना होगा।

### घर जा रहे युवक के साथ दबंग ने मारपीट कर 20 हजार रुपये छीने

**हमीरपुर।** शहर के गौरादेवी मोहल्ले में एक दुकान से 20 हजार रुपये लेकर जा रहे अनुसूचित जाति के व्यक्ति को थाना सुमेरपुर के कुंडौरा गांव निवासी युवक ने बीच सड़क में रोक लिया। उसके साथ मारपीट कर जेब में पड़े रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। शहर के कजियाना मोहल्ला निवासी प्रेमचंद्र सोनकर ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि इन दिनों वह टाकीज के निकट स्थित प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रहा है। इसी सिलसिले में बुधवार शाम करीब पांच बजे गौरा देवी मोहल्ला स्थित एक बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर गया था। दुकान से पेमेंट का हिसाब कर 20 हजार रुपये लेकर अपने घर जा रहा था। तभी अचानक मनीष सिंह निवासी कुंडौरा थाना सुमेरपुर उसे जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। उसे काफी दूर तक घसीटा और जेब में पड़े 20 हजार रुपये निकाल लिए। उसके चिल्लाने पर रास्ते में लोगों ने बचाया। पीड़ित ने मारपीट में आई चोटों की डाक्टरी कराने के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### विभिन्न समस्याओं पर लेखपाल संघ ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**हमीरपुर।** उप्र लेखपाल संघ की जनपद स्तरीय मासिक बैठक में लंबित मामलों का निस्तारण न होने के मुद्दे छाए रहे। बैठक में कहा गया कि सृजित पदों 299 के सापेक्ष 140 लेखपाल कार्यरत हैं। इसके चलते एक लेखपाल के पास तीन से चार हल्कों का अतिरिक्त कार्य है। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में संघ के जिलाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद पटेल, जिला मंत्री डा.प्रदत्त कुमार, महेंद्र कुमार, दिलीप कुमार पाठक, अभिषेक गुप्ता, अरविंद तिवारी आदि रहे। ज्ञापन में कहा कि भू-लेख कार्यों के अतिरिक्त निर्वाचन, दैवीय आपदा, पंचायत विभाग, घरौनी वितरण, कृषि विभाग के कार्य भी संपादित कर रहे हैं। कम लेखपाल होने के बावजूद भी आम जनमानस से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं के निष्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इसके बावजूद उपेक्षा का शिकार हैं। इन समस्याओं को लेकर पूर्व में तीन बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। लेकिन निस्तारण लंबित हैं। संघ ने कहा वर्ष 2016 से एनपीएस का लाभ दिलाया जाए। क्रॉप कटिंग का मानदेय शीघ्र दिलाया जाए। सेवानिवृत लेखपालों को समय से समस्त देयों का भुगतान कराया जाए। चकबंदी क्रियाएं लगभग 45 वर्ष पूर्व संपन्न होने के बाद बंदोबस्त नक्शे जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो चुके हैं। ऐसे में पुराने नक्शे जमा कराकर नए उपलब्ध कराए जाएं। ताकि भूमि विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो सके। लेखपाल संवर्ग की समस्याओं का निराकरण यथाशीघ्र कराने की मांग की गई।

### तपोभूमि में लगे श्रीगायत्री महायज्ञ मेले से सात लाख से अधिक हुई आय

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** श्रीगायत्री महायज्ञ की 67वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रांगण में लगे विशाल मेले से मेला कमेटी को 7 लाख 17 हजार 460 रुपये की आमदनी हुई है। खर्च काटकर मेला कमेटी ने यज्ञ कमेटी को 6 लाख 61हजार 810 रुपये की धनराशि सुपुर्द की है। विगत माह श्री गायत्री महायज्ञ की 67वीं वर्षगांठ के दौरान लगे मेले से मेला कमेटी को दुकानदारों से 7 लाख 17 हजार 460 रुपए की आमदनी हुई है। मेला कमेटी के अध्यक्ष राहुल और टिंकू पालीवाल ने बताया कि गुरुवार को मेला कमेटी ने 55 हजार 550 रुपये काटकर शेष धनराशि यज्ञ कमेटी के सदस्यों को सुपुर्द की है। धनराशि की सुपुर्दगी के दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल, सदस्य डा नरेश शर्मा,बउआ द्विवेदी, आल्हा सिंह,अज्जू मिश्रा, राधे शुक्ला, अनूप त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष करीब 1 लाख 15 हजार की अधिक आय हुई है।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों ने मनाया अधिकारिता दिवस

### इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा असाध्य रोगों को खत्म करेंगे : डॉ.गणेश सिंह



**हमीरपुर।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों को प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी विधा से चिकित्सा व्यवसाय करने का पूर्ण अधिकार है। यह अधिकार उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा अनुभाग-6 द्वारा दिनांक 04 जनवरी 2012 को बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसन उ0प्र0 के नाम शासनादेश जारी कर प्रदान किया गया था। इसी अवसर को मनाने के लिये प्रति वर्ष इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों द्वारा यह दिन अधिकारिता दिवस के रूप में मनाये जाने की परम्परा आज भी है। भारत सरकार द्वारा इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिये जारी आदेश का क्रियान्वयन व अनुपालन राज्य सरकारों द्वारा प्रभावी ढंग से किया जाये व अन्य मान्यता प्राप्त चिकित्सा पद्धितियों की भांति इस अधिकार प्राप्त चिकित्सा पद्धति को वह सारी सुविधायें उपलब्ध करायी जायें जो अभी तक प्राप्त नहीं है। भारत सरकार ने भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी से चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान हेतु 21 जून 2011 को आदेश जारी किया था। पटकाना स्थित धर्मार्थ चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम का प्रारम्भ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ0 काउण्ट सीजर मैटी को दीप प्रज्ज्वलन कर स्मरण किया गया। तत्पश्चात इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल ऐसोसियेशन आफ इण्डिया के बुन्देलखण्ड प्रभारी डॉ0 नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिये गौरव का दिन है। उ0प्र0 शासन ने शासनादेश जारी कर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्य करने के लिये सारी बाधायें दूर करते हुये अधिकार प्रदान किया था। अब आवश्यकता है कि हम अपने अधिकारों को समझें और पूर्ण रूपेण अधिकार के साथ कार्य करते हुये जनता की सेवा करें व जन स्वास्थ्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। डॉ मानसी ने अधिकारिता दिवस के अवसर में कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक 4 जनवरी से 11 जनवरी तक अधिकारिता सप्ताह मानते हुए जनता के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर अपनी पहचान भी बना सकते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ0 मेहर मधुर निगम, डॉ नम्रता, डॉ कंचन गुप्ता, डॉ प्रियंका, डॉ0 सुनीता सागर, डॉ शफी आदि लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व सभासद को 5 किलो 700 ग्राम गांजे के साथ किया गिरफ्तार

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे में गांजा सप्लाई करने आ रहे मौदहा के पूर्व सभासद और उसकी सहयोगी महिला को इंगोहटा के समीप से हाईवे में गिरफ्तार करके 5 किलो 700 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया है चर्चा है कि यह लोग छत्तीसगढ़ से गांजा लाकर जिले में सप्लाई करते हैं। इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज शिवम पांडे ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे में गांजा सप्लाई करने आ रहे मौदहा के इलाही तालाब निवासी पूर्व सभासद मोइन खान व उसकी सहयोगी महिला नइमा परवीन निवासी साजन तालाब मौदहा को गिरफ्तार करके उनके पास से 5 किलो 700 ग्राम सूखा गांजा बरामद कर न्यायालय भेजा है जहां से दोनों को जेल भेजा गया है। चर्चा है कि यह लोग छत्तीसगढ़ से गांजा लाकर जनपद में सप्लाई करते हैं। गिरफ्तारी के दौरान इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज शिवम पांडे के साथ हेड कांस्टेबल फूलचंद, कांस्टेबिल शुभम, महिला आरक्षी मंजू देवी मौजूद रहे।

## बालिका श्री योजना की एफडी के लिए चक्कर काटने को मजबूर लाभार्थी

**सुमेरपुर।** बालिका श्री योजना के तहत 18 वर्ष पूर्व बाल विकास विभाग में एफडी कराने वाले लाभार्थी एफडी की अवधि पूर्ण होने के बाद भुगतान पाने के लिए बाल विकास परियोजना कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। विभाग एफडी आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के पास होने की बात कहकर लाभार्थियों को टरका रहा है। ग्राम पंचायत बांक के निवासी धर्मेंद्र कुमार व अरविंद कुमार ने बताया कि मई 2005 में पुत्रियों के जन्म के बाद उन्होंने बालिका श्री योजना के तहत बाल विकास विभाग से बालिकाओं की एफडी कराई थी। इस एफडी का भुगतान पुत्रियों के बालिग होने पर होना था। दोनों पुत्रियां बालिग हो गई है और दोनों का विवाह फरवरी माह में अलग-अलग तिथियों में तय हो गया है। लेकिन विभाग उनकी एफडी भुगतान के लिए वापस नहीं कर रहा है। पीडितों ने बताया कि वह इसकी शिकायत बाल विकास परियोजना कार्यालय की सीडीपीओ से कर चुके हैं लेकिन वह एफडी आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के पास होने की बात कहकर पल्ला झाड़ रही है। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एफडी कार्यालय में जमा होने की बात कह रही है। गुरुवार को शिकायतकर्ताओं ने लिखित शिकायत सीडीपीओ कार्यालय में की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि वह मामले की जांच कराकर जल्द ही एफडी लाभार्थियों को मुहैया कराएंगे।

## नए नियम के तहत नाबालिग को दी बाइक तो जाएंगे जेल

### 16 वर्ष की आयु के सार्वजनिक स्थान में चला सकेंगे 50 सीसी इंजन क्षमता की बाइक

**हमीरपुर।** नए मोटर एक्ट नियम के तहत अब कोई मोटर मालिक या अभिभावक अपने नाबालिग पुत्र या पुत्री को बाइक चलाने के लिए देता है। और उससे कोई दुर्घटना होती है। तो ऐसी स्थित में मोटर मालिक दोषी माना जाएगा। जिसके तहत उसे जेल भी हो सकती है। वहीं दूसरी तरफ 16 वर्ष की आयु पूरी करने वाले किशोरों को 50 सीसी इंजन क्षमता की बाइक सार्वजनिक स्थान में चलाने की छूट दी है। शासन ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र जारी कर 18 वर्ष से कम आयु के छात्र-छात्राओं द्वारा दो पहिया, चार पहिया वाहन चलाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के निर्देश दिए हैं।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक शासन ने डीआईओएस सहित समस्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन / प्रवर्तन) को निर्देश कर कहा है कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा बिना ड्राइविंग लाईसेंस के एक्टिवा, बाइक व अन्य वाहन चलाने से अनेक दुर्घटनाएं हो रही हैं। विशेषज्ञों द्वारा मिले आंकड़ों के अनुसार सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 40 प्रतिशत नाबालिग बच्चे होते हैं। जिसको देखते हुए 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन चलाये जाने पर रोक लगाए जाने के लिए कानून का कड़ाई से पालन कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

**16 वर्ष के किशोर चला सकेंगे 50 सीसी बाइक**

नए मोटर वाहन अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी सार्वजनिक स्थान में मोटरयान नहीं चलाया जाएगा, लेकिन कोई किशोर 16 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के बाद किसी सार्वजनिक स्थान में 50 सीसी क्षमता की बाइक चला सकेगा। वहीं किसी भी मोटरयान का स्वामी किसी ऐसे व्यक्ति से जिसके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस न हो तो न उससे यान चलावाएगा और न ही इसे चलाने की अनुमति देगा।

किसी किशोर द्वारा मोटरवाहन अपराध में किशोर के संरक्षक या मोटरवाहन के स्वामी को ही दोषी मानते हुए दंडित किया जाएगा। जिसके तहत वाहन स्वामी को तीन वर्ष का कारावास व 25 हजार तक का जुर्माना किया जा सकता है। साथ ही संबंधित वाहन का पंजीयन एक वर्ष की अवधि के लिए निरस्त कर दिया जाएगा।

**केके ओझा, जिला विद्यालय निरीक्षक**

## जिले के 549 गांवों का शुरू हुआ रियल टाइम डिजिटल क्रॉप सर्वे

### एग्रीस्टेक परियोजना के डिजिटल क्राप सर्वे से होगा फसलों का सटीक आकलन

**हमीरपुर।** बोआई से लेकर उपज तक का सटीक आंकलन हो सके, इसके लिए एग्रीस्टेक परियोजना को रबी फसली वर्ष में पूरे जिले के 549 गांवों में लागू किया गया है। फसलों के रियल टाइम सर्वेक्षण के लिए एग्रीस्टेक परियोजना के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे शुरू करा दिया गया है। इससे यह पता चलेगा कि किस किसान ने अपने खेत में कौन सी फसल बोई है। जिसका सटीक आकलन शासन तक पहुंचेगा।

जिले में बाढ़, आपदा व सूखा जैसी दैवीय आपदाओं की स्थिति में फसलों को होने वाले नुकसान के एवज में सटीक मुआवजा दिलाने में इस सर्वे रिपोर्ट से मदद मिलेगी। जिले में कौन सी फसल कितने रकबे में बोई जा रही है, कृषि व राजस्व विभाग के कर्मचारी पहले मैनुअल तरीके से सर्वे करके सरकार को आंकड़े उपलब्ध कराते थे। उसमें पूरी तरह से सही आंकड़े उपलब्ध नहीं होते थे। लेकिन अब डिजिटल सर्वे से सटीक आंकडे शासन तक उपलब्ध हो सकेंगे।

**रबी सीजन में 549 गांवों का होगा सर्वे**

जिले के कुल 636 गांवों में चार लाख 78 हजार 737 गाटे हैं। जिनका डिजिटल सर्वे कराया जाना है। खरीफ फसली वर्ष में इस योजना के तहत 412 गांवों के कुल दो लाख 12 हजार 727 गाटों का डिजिटल सर्वे किया गया था। लेकिन इस बार रबी सीजन में जिले के 549 गांवों का लक्ष्य तय किया गया है। लेकिन लेकिन पोर्टल मैपिंग में 414 गांव ही अपलोड हो सके हैं। जिससे चार लाख 69 हजार 402 गाटे शो कर रहे हैं। जिनका सर्वे कार्य किया जा रहा है।

**एप पर दर्ज होगा ब्योरा**

डिजिटल क्राप सर्वे के लिए लेखपाल, पंचायत सहायक और कृषि विभाग के कर्मचारी को शामिल किया गया है। सर्वे करने के लिए खास तौर पर तैयार किए गए एप का इस्तेमाल किया जा रहा है। एप पर डेटा अंकित करने के लिए सभी को प्रशिक्षित भी किया गया है। जिसमें कुल 212 टीमें लगाई गई हैं। इनमें 38 सर्वेयर कृषि विभाग के हैं।

**सर्वे से मिलेंगी ये सुविधाएं**

सर्वे से विभिन्न योजनाओं का किसानों को मिलेगा लाभ। बैंक की ओर से फसली ऋृण का सत्यापन किया जा सकेगा। फसल बीमा प्रस्ताव का सत्यापन हो सकेगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पाद की खरीद, सूखे, अतिवृष्टि के दौरान फसल नुकसान होने पर राहत अनुदान का वितरण। सकल घरेलू उत्पाद का अनुमान सहित किसानों के संस्थागत खरीदारों से जोड़ने का अवसर के साथ ही लक्षित फसल सलाह भी प्रदान की जाएगी।

जनपद में बोई जाने वाली फसलों, पेड़-पौधे, आबादी की सटीक जानकारी एकत्र करने के लिए एग्रीस्टेक के माध्यम से सर्वे शुरू करा दिया गया है। इससे उत्पादन, खाद व बीज की उपलब्धता इत्यादि योजनाएं तैयार हो सकेंगी।

**हरिशंकर भार्गव, उपकृषि निदेशक**

## इलाहाबाद की महिला क्रिकेट टीम ने झांसी को हराया, दर्शकों की उमड़ी भीड़

**राठ।** कस्बे के स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय के खेल प्रांगण में चल रहे हैं स्वामी ब्रह्मानंद अंतरराज्जीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आज महिला क्रिकेट टीमों का मैच सम्पन्न हुआ जिसमें झांसी और इलाहाबाद की महिला क्रिकेट टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें इलाहाबाद की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। तथा बल्लेबाजी करने के लिए उतरी इलाहाबाद की टीम ने 119 रन बनाये। इलाहाबाद की टीम से अर्सला शकील ने सर्वाधिक 55 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं जवाब में लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी झांसी महिला क्रिकेट टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। और पूरी टीम मात्र 90 रनों पर ही सिमट गई। जिससे यह मैच इलाहाबाद की टीम ने जीत लिया। सर्वाधिक 55 रनों की पारी खेलने पर इलाहाबाद टीम की महिला खिलाड़ी अर्सला शकील को वूमेन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। वही इलाहाबाद की टीम की ओर से नंदिनी सिंह और कात्यायनी ने दो दो विकेट और संध्या और नबीबा ने एक-एक विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। इस दौरान कमेंटेटर देवेंद्र राजपूत पत्रकार और सीतू सेंगर के अलावा स्कोरर आशीष द्विवेदी बड़े सहित स्वामी ब्रह्मानंद अंतरराज्जीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष धर्म सिंह राज खजांची व उनके साथी विनोद राजपूत, ऋषि राजपूत , दीपेंद्र सिंह व फईम बेग सहित हजारों की संख्या में राठ नगर एवं क्षेत्र के दर्शक गण मौजूद रहे।

## डीपीआरओ ने पंचायतों में बन रहे अंत्येष्टि स्थलों एवं आरआरसी सेंटरों का किया निरीक्षण



**सुमेरपुर।** गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी ने विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुंडौरा एवं विदोखर पुरई में बन रहे अंत्येष्टि स्थल एवं कूड़ा निस्तारण केंद्रों का निरीक्षण करके जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ को विदोखर पुराई में पंचायत सहायक पंचायत भवन से नदारत मिला।वहीं पांच ग्राम पंचायत सचिवों के क्षेत्र में उपलब्ध न होने उनकी पंचायत का निरीक्षण नहीं हो सका। गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने ग्राम पंचायत कुंडौरा के अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इसका निर्माण साठ फीसदी पूर्ण हो गया है। कार्य ठप होने पर जल्द शुरू करने के निर्देश ग्राम प्रधान को दिए गए है। इसके बाद उन्होंने विदोखर पुरई की अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। बताया कि यहां महज 30 फीसदी कार्य हुआ है। उन्होंने ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापत को दो दिन में कार्य शुरू करने के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कूड़ा निस्तारण केंद्र (आरआरसी सेंटर) का निरीक्षण किया। यहां पर अभी तक पानी बिजली के इंतजाम नहीं हुए हैं। साथ ही एप्रोच मार्ग अधूरा होने पर नाराजगी जताते हुए जल्द व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीपीआरओ को ग्राम पंचायत सचिव मोहिनी तिवारी, बालेश्वर द्विवेदी, अनामिका पांडेय, सोनाली सचान, अमित कुमार की पंचायत का भी निरीक्षण करना था। लेकिन यह पंचायत में मौजूद नहीं थे। इस वजह से उनकी पंचायत का निरीक्षण नहीं हो सका। डीपीआरओ ने सचिवों के खिलाफ कार्यवाही के संकेत दिए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी एडीओ पंचायत मनीष कौशिक मौजूद रहे।

## समाजिक संस्था के लोगों ने हजारों असहाय को वितरित किये गये कम्बल



**राठ।** कस्बे के बड़े पीर साहब की दरगाह परिसर में गुरुवार को सामाजिक संस्था तहरीक दावते इंसानियत के द्वारा नगर क्षेत्र के हजारों गरीब महिलाओं और पुरुषों को इस गलन भरी सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। वहीं कंबल प्रकार लोगों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। इस दौरान राठ तहसील के उप जिलाधिकारी विपिन कुमार शिवहरे व पुलिस क्षेत्राधिकारी के अलावा सामाजिक संस्था तहरीक दावते इंसानियत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

रात कस्बे के प्रसिद्ध बड़े पीर साहब की दरगाह परिसर में आज सामाजिक संस्था तहरीक दावते इंसानियत के द्वारा शीतलहर और गलन भरी सर्दी से बचाव के लिए नगर क्षेत्र के हजारों चिन्हित गरीब और असहाय लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरुआत उप जिलाधिकारी विपिन कुमार शिवहरे व पुलिस क्षेत्राधिकारी के अलावा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष के जी अग्रवाल ने आये हुए असहाय लोगों को कंबल बताकर की। इस दौरान तहरीक दावते इंसानियत के सुप्रीमो अनफासुल हसन चिश्ती साहब ने कहा कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि कोई भी मजहब अथवा धर्म हमें आपस में बैर करना नहीं सिखाता है। उन्होंने मोहम्मद साहब के द्वारा दी गई तालीम का अनुकरण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश में शांति और विकास के लिए हमें प्यार मोहब्बत और आपकी भाईचारे से रहना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी लोग इंसान हैं। और हमें इंसानियत के नियमों का पालन करना चाहिए। इस दौरान तहरीक दावते संस्था के मुख्य पदाधिकारी मुजीब भाई, असलम , अनाउंसर सलीम, रशीद राइन व डॉ शमीम के अलावा उमाशंकर गुप्ता, शिवसरन सोनी काशी गुप्ता सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए लेखाकार को मौदहा में बैठाने की तैयारी

**हमीरपुर।** विकासखंड सरीला में तैनाती के दौरान 2022 में रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े गए लेखाकार को राजनीतिक दबाव के चलते जिले के सबसे बड़े ब्लॉक में बैठने की तैयारी हो रही है।वर्ष 2022 में सरीला विकासखंड कार्यालय में तैनात लेखाकार पुत्तनलाल को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार करके जेल भेजा था। यह नौ माह तक जेल में विरुद्ध रहने के बाद जमानत पर रिहा हुआ था। सत्ताधारी एक नेता का संरक्षण प्राप्त होने पर इनको बहाल करके मुस्करा विकासखंड का चार्ज दिया गया था। अब राजनीतिक दबाव के चलते इन्हें जनपद के सबसे बड़े विकासखंड मौदहा में बैठने की तैयारी है। वहीं योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार मुक्त शासन का नारा दे रही है। दूसरी तरफ अपने नेताओं की सिफारिश पर भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबे कर्मियों को चार्ज दिलाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही हैं।

## 36 वर्षो तक नगर को स्वच्छ रखने में दिया योगदान

**मौदहा ।** लगातार 36 साल तक नगर में सफाई करते आए कर्मी के सेवानिवृत्त होने पर सभी ने नम आंखों से बिदाई दी।

नगर पालिका परिषद मौदहा में सफाई कार्य में सरकारी सेवा सेवा देने वाली राजकुमारी लगभग तीन दशक से अधिक अपनी सेवाएं देने के बाद वर्ष 2023 के आखिरी दिन 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो गईं। गुरुवार को आयोजित एक समारोह में उनको बिदाई दी गई। उन्होंने नगर में 36 वर्ष सफाई कार्य में अपनी सेवा देने के कार्य किया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी ने कहा कि सफाई से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। कोई भी जब नगर में प्रवेश करता है तो वह सबसे पहले नगर की साफ सफाई देखता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनाथ उर्फ रजा मोहम्मद ने बिदाई देते हुए कहा कि वास्तव में यही कर्मयोगी है। जो उस कार्य को अंजाम देते हैं जिससे लोग घृणा करते हैं। समारोह में सभी की आंखें नम हो गईं। इस दौरान सभासद शिवकुमार सोनी, इशहाक अहमद, कल्लू बाबू, राजेश कुमार, अरविंद कुमार, राजेन्द्र कुमार, सफाई प्रभारी कामता प्रसाद, दिलावर, रामविलास, इसराइल खां सहित सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

**दैनिक विश्व परिवार**

संस्थापक : **कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन**
(पूर्व अध्यक्ष-राज्य विज्ञापन मान्यता समिति उ.प्र. शासन)
मुद्रक एवं प्रकाशक आलोक जैन द्वारा वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-46, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से मुद्रित एवं वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-46, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से प्रकाशित।
**सम्पादक : प्रवीण कुमार जैन**
स्वात्ताधिकारी : प्रियेश कुमार जैन,
समाचार सम्पादक : डॉ. जिनेन्द्र कुमार जैन
डाक पंजीयन एल. 2-12/516 आर.एन.आई. पंजी. सं. 35394/77
मो.-9450071632, 9415073930
E-mail : dvp.jhs@gmail.com

# झाँसी के इतिहास में पहली बार महिला थानेदार व हत्या करने वाले के बीच हुयी फायरिंग







- सकरार के जंगल में हुयी मुठभेड़, बदमाश को लगी गोली
- तमंचा व कारतूस बरामद, 22 दिसम्बर को आरोपी ने की थी अपने दोस्त की हत्या

*झांसी(विश्व परिवार)। पेड़ पर मचान बनाकर रह रहे हत्यारोपी का झांसी की महिला इंस्पेक्टर और उनकी पुलिस टीम से सामना हो गया, जिसमें पुलिस टीम ने हत्यारोपी द्वारा फायरिंग करने पर जवाबी फायरिंग में गोली मारकर घायल कर दिया। हत्यारोपी पर पिछले दिनों कुल्हाड़ी मारकर दोस्त की हत्या करने का आरोप है। पुलिस ने घायल हत्यारोपी को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। मालूम हो कि 22 दिसम्बर को जनपद झांसी के सकरार थानान्तर्गत ग्राम जावन में रहने वाले 45 वर्षीय राम प्रसाद कुशवाहा की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गयी थी। हत्या का आरोप उसके दोस्त चिंटु अहिरवार पर लगा था। चिंटू और मृतक राम प्रसाद जिगरी दोस्त थे। आरोप था कि मृतक के घर पर दस्टोन कार्यक्रम के दौरान चिंटू बिन बुलाए पहुंच गया था, जहां चिंटू मृतक की पत्नी का हांथ पकड़कर डांस करने लगा था। इसका विरोध करते हुए परिजनों ने चिंटू का भगा दिया था। इसी अपमान का बदला लेने के लिए चिंटू ने 22 तारीख को राम प्रसाद की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्यारोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरु कर दी।*

*हत्यारोपी को पकड़ने के लिए एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सकरार महिला इंस्पेक्टर नीलेश लगातार सर्चिंग कर रही थी। इसी दौरान उन्हें आज पता चला कि गांव के जंगल की और हत्यारोपी चिंटू है। सकरार थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंची। पुलिस को देख हत्यारोपी भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने उसे ललकारा, जिस पर हत्यारोपी ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने अपना बचाव करते हुए हत्यारोपी पर फायरिंग की, जिसमें गोली लगने से हत्यारोपी घायल हो गया। घायल हत्यारोपी को उपचार के लिए मेंडिकल कालेज में भर्ती कराया है। खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि हत्यारोपी घटना से फरार चल रहा था। यहां तक कि पुलिस से बचने के लिए उसने पेड़ पर मचान बनाकर चारपाई बांध रखी थी और उसी पर लेटता था। यहां कि उसने पेड़ पर गाने सुनने के लिए स्पीकर भी लगा रखा था, लेकिन इसकी भनक पुलिस को हो गई और पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल कर ली।*

### एनकाउंटर करने वाली यूपी पुलिस की दूसरी महिला इंस्पेक्टर हुई

*झांसी। यूपी में बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन में दूसरी महिला इंस्पेक्टर नीलेश ने अपना नाम दर्ज कर लिया है। वह यूपी पुलिस दूसरी महिला पुलिस कर्मी हैं, जिन्होनें मुठभेड़ में हत्यारोपी को गोली मारकर घायल कर दिया।*

## बेटे के सामने सड़क हादसे में उड़ गये कोल्ड ड्रिंक के डिस्ट्रीब्यूटर के प्राण-पखेरू

**झांसी(विश्व परिवार)।** टैक्सी में बैठकर बेटे साथ इलाईट से जेएमके मोटर्स वर्कशाप जा रहा कोल्ड ड्रिंक का डिस्ट्रीब्यूटर सड़क हादसे का शिकार हो गया। उसे उपचार के लिए झांसी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

मृतक का नाम 45 वर्षीय राजेन्द्र कुमार मिश्रा है। वह बांदा जिले के गिरवां थानान्तर्गत महुआ क्षेत्र में रहने वाला है। उसका एक बेटा है। परिवार के सदस्यों के अनुसार राजेन्द्र क्षेत्र में कोल्ड ड्रिंक का डिस्ट्रीब्यूटर का काम करते हैं। उन्हें पैरालाइसिस की बीमारी है। उनका एक भाई जीआरपी में कार्यरत है। वह झांसी आए हुए थे। विगत दिवस वह टैक्सी में बैठकर अपने बेटे के साथ जेएमके मोर्टस वर्कशॉप जा रहे थे। टैक्सी सिद्धेश्वर मंदिर के आगे खड़े ई-रिक्शा उनकी टैक्सी टकरा गई, जिससे वह घायल हो गए। घायलावस्था में उसे उपचार के लिए झांसी मेडिल कालेज लाया यगा। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## झाँसी रेल मण्डल यात्री सुविधाओं में उच्चीकरण तथा वृद्धि हेतु निरन्तर प्रयत्नशील

*झांसी(विश्व परिवार)। मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में मंडल के स्टेशनों पर आवश्यक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्रम में मंडल के टीकमगढ़, महाराजा छत्रसाल स्टेशन छतरपुर तथा बबीना रेलवे स्टेशन पर कोच / ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड संस्थापित किये गए हैं। उपरोक्त बोर्ड के माध्यम से गाडी आने से पूर्व यात्रियों को उनके कोच की लोकेशन प्राप्त हो सकेगी। तदनुसार यात्रीगण खुद को अपने कोच के सामने लोकेट कर सकेंगे और गाडी आने पर इधर उधर भागने की असुविधा से मुक्ति मिलेगी। इसी क्रम में टीकमगढ़ स्टेशन पर यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से साइनेज संस्थापित किये गए हैं, जिसके माध्यम से यात्रियों को दूर से ही स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाएं जैसे पूछताछ कार्यालय, बुकिंग कार्यालय, पब्लिक टॉयलेट, प्रतीक्षालय, प्लेटफार्म क्रमांक आदि आवश्यक सुविधाएं सहज रूप से लोकेट की जा सकती है।*

## विकास कार्यो की बैठक में जादू दिखाने की बात पर हंगामा, पहुंची पुलिस



**झांसी।** झांसी के ग्राम बरथरी में विकास सम्बधित कार्यो को लेकर चल रही मीटिंग में उस समय हंगामा हो गया, जब वहां विकास कार्यो की बात न करते हुए जादूगर का जादू दिखाने जैसी चर्चा होने लगी। सूचना मिलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पूछतांछ शुरु की।मोंठ तहसील के ग्राम बरथरी में विकास सम्बधित मीटिंग हो रही थी, जिसमें सरकारी कर्मचारी और जिला पंचायत अध्यक्ष भी शामिल होने पहुंचे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि मीटिंग जब विकास कार्यो को लेकर हो रही थी तो विकास कार्यो पर चर्चा क्यों नही की गई। उनके क्षेत्र में वह आकर देखें क्या विकास हुआ है। यहां जादूगर का जादू दिखाने के गाने चलाने का क्या उद्देश्य है।



## अटल एकता पार्क में हुयी शर्मनाक हरकत, वीडियो वायरल होने के बाद मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**झांसी(विश्व परिवार)।** सुबह-सुबह अटल एकता पार्क में मार्निंग वॉक के दौरान कुछ लोगों ने महिलाओं का मजाक उड़ाते हुए फुहड़ता की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे देख महिलाओं ने शर्मिन्दगी महसूस की और इसकी शिकायत जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर की। इधर, वायरल हो रहे वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। वायरल वीडियो में देखा जा सका है कि कुछ उम्र दराज लोगों का एक गुट है। यह सभी एक संस्था से भी जुड़े हुए हैं। इनमें कुछ लोगों ने महिलाओं का मजाक उड़ाते हुए फुहड़ता की, जिसका वहां मौजूद लोगों ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल हुए वीडियो को सीपरी बाजार थाना पुलिस ने संज्ञान में लिया। इसके बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इधर जब इस वायरल वीडियो को कुछ महिलाओं ने देखा उन्हें शर्मिन्दगी महसूस हुई और उन्होंने फुहड़ता करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# भाई की मौत के 8 दिन बाद दूसरे भाई ने विषाक्त खाकर दे दी जान

**झांसी(विश्व परिवार)।** भाई की मौत के 8 दिन दूसरे भाई ने भी विषाक्त खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक का नाम करीब 30 वर्षीय अर्जुन पुत्र जयराम बताया गया। वह मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर थानान्तर्गत मोहनपुरा का रहने वाला है। अर्जुन तीन भाई थे। चचेरे भाई के अनुसार उसकी मां का काफी समय पहले देहांत हो गया था। इसके बाद घर में अर्जुन अपने भाईयों और पिता के साथ रहता था। सभी भाई विवाहित थे। पिता समेत चारों शराब पीने के आदी थी। अभी 8 दिन पहले अर्जुन के भाई ने विषाक्त खा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। अब 8 दिन बाद अर्जुन में भी विषाक्त खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों भाईयों की मौत के बाद अब घर में दो लोग पिता-पुत्र बचे हैं।

### दो बच्चों के पिता ने रेट किल खाकर दी जान

*झांसी(विश्व परिवार)। दो बच्चों के पिता ने चूहा मार दवा खा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।*

*मृतक का नाम लगभग 30 वर्षीय अमित कुशवाहा निवासी घाट लहचूरा थाना लहचूरा झांसी बताया गया। पिता बृज किशोर के अनुसार अमित के दो बच्चे हैं, जिनकी आयु 3 और 6 वर्ष है। दोनों बच्चे उनके साथ मऊरानीपुर में रहते है और वहीं पढ़ाई भी करते है। गांव में अमित अपनी पत्नी के साथ अकेला रहता था। पिता के अनुसार अमित मानसिक रोगी था, जिसका इलाज भी चल रहा है। वह कई बाद घर से गायब हो जाता था, जिसे खोजकर वापस लाया जाता था।*

*खेतों में फसल को बर्बाद करने वाले चूहों को मारने के लिए चूहा मार दवा लाकर घर में रखी थी, जिसे उसने 2 तारीख को खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसकी जानकारी होते ही आनन-फानन में उसे उपचार के लिए झांसी मेडिकल कालेज लाया गया। जहां उपचार के दौरान सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।*

# बीडा को नोएडा की तर्ज पर वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में तैयार किया जाएगा

- बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) की प्रथम बोर्ड बैठक संपन्न
- बैठक में बीडा ऑफिस की बिल्डिंग से लेकर स्टाफ की तैनाती से संबंधित प्रस्तुत 20 प्रस्तावों पर अनुमोदन



**झांसी(विश्व परिवार)।** मनोज कुमार सिंह, (आई0ए0एस0) कृषि उत्पादन आयुक्त, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज/उद्यान एवं खाद्य संस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) की प्रथम बोर्ड बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री मनोज कुमार सिंह अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव पंचायती राज, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के पश्चात आज बोर्ड की प्रथम बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशन में लगभग 47 वर्षों के बाद उत्तर प्रदेश में बीडा एक नए शहर के रूप में नोएडा की तर्ज पर बसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां पर बीड़ा को हमारे द्वारा वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में तैयार किया जाएगा। इसके लिए सर्वप्रथम भूमि अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा है, इसके पश्चात विश्व प्रसिद्ध सलाहकार का चयन एवं मास्टर प्लान तैयार करने का कार्य किया जाएगा। बोर्ड बैठक में बीडा ऑफिस से लेकर स्टाफ की तैनाती तक विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसके अंतर्गत मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण, श्री अमृत त्रिपाठी द्वारा 20 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, उक्त प्रस्तावों पर महोदय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि अधिग्रहण के कार्य को शीघ्रता के साथ पूर्ण करते हुए बीड़ा के मास्टर प्लान एवं डेवलपमेंट प्लान को तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त डॉ आदर्श सिंह, जिलाधिकारी श्री अविनाश कुमार, एसीईओ श्री प्रवीण वर्मा, अधीक्षण अभियंता श्री राकेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री वरुण कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर, प्र0 जिला सूचना अधिकारी श्री अरविंद गौर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कड़ाके की ठंड में चोरों ने एक रात में चटकाये 5 घरों के ताले



- लाखों की नकदी व जेवर उड़ाये
- मऊरानीपुर थाना क्षेत्र में हुयी घटना, पुलिस की गश्त व्यवस्था पर उठे सवाल

**झांसी(विश्व परिवार)।** कड़ाके की ठंड के बीच चोरों ने पुलिस को बड़ी चुनौती है। चोरों ने एक ही रात में 5 घरों के ताले चटकाए और नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए, जिसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी है। मामला जनपद झांसी में मऊरानीपुर थानान्तर्गत कचीर का है, जहां रहने वाले इस्लाम अली हमीरपुर दुकान में लगाया था। सुबह उसे गांव के लोगों ने सूचना दी कि उसके घर के ताले टूटे पड़े हुए है। यह सुनते ही उसके होश उड़ गए। इसकी सूचना थाने की पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की ली। इसी दौरान गांव के रहने वाले सुरेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, मुन्ना लाल सहित अन्य लोग भी पुलिस के पास पहुंच गए। जहां उन्होंने बताया कि चोरों ने उनके घर को भी निशाना बनाया। उनके घर से भी चोर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत के बाद छानबीन शुरु कर दी है।

## सीआरपी बनने हेतु इच्छुक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से आवेदन आमंत्रित

**झांसी।** अपर नगर आयुक्त/परियोजना अधिकारी डूडा-झाँसी द्वारा सूचित किया गया है कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तगर्त गठित स्वंय सहायता समूह में सम्मिलित महिलाएं जो सी0आर0पी0 बनने के इच्छुक हो, जिनकी योग्यता न्यूनतम हाई स्कूल, आयु 20-45 वर्ष, मोबाइल ऐप में निपुणता, डिजिटल साक्षरता की सामान्य जानकारी, व्यवहार में कुशल एवं संवाद में दक्ष हो, स्वंय सहायता समूहों के संचालन का 01 वर्ष का अनुभव हो और समूह गठन का कार्य करने में इच्छुक हो वह अपना आवेदन पत्र परियोजना अधिकारी, डूडा, झाँसी के नाम से जिला नगरीय विकास अभिकरण, झाँसी में 10 जनवरी 2024 तक जमा करा सकते है। इस संबंध में पूर्ण जानकारी के लिये जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), नगर निगम परिसर झाँसी से सम्पर्क कर सकते हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील झांसी सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस 6 जनवरी को

**झांसी।** शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन तहसील स्तर पर एवं उक्त दिवस को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस में किया जायेगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 6 जनवरी 2024 (शनिवार) को तहसील झांसी सदर में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन होगा, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सीएमओ सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारीगण प्रातः 10 बजे से उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

## कृषक जागरूकता अंतर्गत एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेले का हुआ आयोजन



**जैतपुर (महोबा)।** कृषि सूचना तंत्र के सुद्रढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना अंतर्गत एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेले का आयोजन विकासखंड सभागार जैतपुर में किया गया कृषि मेले का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी जैतपुर मूलचंद सिंह और प्रगतिशील कृषक रमेशचन्द्र थुरट द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई, कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए डॉ हरी प्रकाश नामदेव ने श्री अन्न , ड्रोन इस्तेमाल की जानकारी किसानों को दी गई कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी यथा जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, आत्मा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना और सोलर पंप योजना आदि की जानकारी किसानों को विस्तृत रूप से दी गई कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर रामसेवक चौरसिया पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एनबीआरआई लखनऊ द्वारा किसानों को उन्नतशील तकनीकी अपनाते हुए अधिक उत्पादन लेकर आए बढ़ाने, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ ब्रजेश पांडेय द्वारा औद्यनिक फसलों की खेती अपना कर आय बढ़ाने की जानकारी किसानो को दी, जितेंद्र शुक्ला प्रभारी मृदा परीक्षण प्रयोग शाला महोबा द्वारा किसानो को मृदा परीक्षण की जानकारी दी गौ आधारित प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी जनप्रतिनिधियों द्वारा मेला प्रांगण में लगे विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर उनसे जानकारी ली एवं कार्यक्रम आयोजन की सराहना की द्य कार्यक्रम में जयनारायण चन्सोरिया, जिला सलाहकार राष्ट्रीय खाद्द्य सुरक्षा मिशन महोबा कृषि विभाग के कालका प्रसाद, जगदीश कुर्मी, राजकुमार, पवन, दलपत, वीरेंद्र और शुभम मिश्रा और समस्त कर्मचारी सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

## महोबकंठ पुलिस ने अवैध तमंचा, कारतूस सहित 01 नफर अभियुक्त को पकड़ा

**महोबा।** अपर्णा गुप्ता पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में राधेश्याम वर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ द्वारा उप निरीक्षक विवेक यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठित की गई।गठित हुई पुलिस टीम ने थाना महोबकंठ में पंजीकृत मु0अ0स0 101/22 धारा 452/376/506 भादवि व 4 पाक्सो एक्ट के अभियुक्त राजकुमार राजपूत पुत्र दशरथ राजपूत जो न्यायालय से जमानत पर रिहा होने के पश्चात अभियुक्त द्वारा पुनः आपराधिक प्रवृत्ति से मुकदमा उपरोक्त की वादिया को अवैध तमन्चा दिखाते हुये हमलावर होकर गाली गलौज करते हुये समझौते का दवाब बनाते हुये वादिया की पुत्री ( मुकदमा उपरोक्त की नाबालिग पीड़िता) को घर से उठा ले जाने की व जान से मारने की धमकी दी गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर 30 दिसंबर 2023 को मु0अ0स0 198/23 धारा 352/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया था । जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित अभियुक्त को थाना महोबकंठ क्षेत्र के विरमा नदी पुल बह्द ग्राम पिपरी थाना महोबकंठ से नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया । तलाशी के दौरान अभि0 राजकुमार उपरोक्त के कब्जे से एक तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ इसी तमन्चे के बल पर अभि0 द्वारा पूर्व में पंजीकृत मुकदमे की वादिया को डराया धमकाया गया था, बरामद तमन्चा व कारतूस के आधार पर अभि0 राजकुमार के विरुद्ध थाना महोबकंठ में मु.अ.सं. 02/24 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्द अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

